संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 28 जनवरी 2025 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार के 100 दिन पूरे होने पर मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 27 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

## उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता लागू

● मुख्यमंत्री धामी ने मुख्य सेवक सदन में यूसीसी के पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण किया

**ऐतिहासिक**

समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया: सीएम धामी



**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून : उत्तराखंड** में ढाई साल की तैयारियों के बाद इतिहास रच दिया। आज समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू हो गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सेवक सदन में यूसीसी के पोर्टल और नियमावली का लोकार्पण किया। वहीं, इसकी अधिसूचना भी जारी हो गई है। इसी के साथ समान नागरिक संहिता लागू करने वाला उत्तराखंड देश का पहला राज्य बन गया। समान नागरिक संहिता के लिए 27 मई 2022 को विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया था। समिति ने अपनी रिपोर्ट दो फरवरी 2024 को सरकार को सौंपी थी। इसके बाद आठ मार्च 2024 को विधानसभा में विधेयक पारित किया गया। विधानसभा से पास होने के बाद इस इसे राष्ट्रपति के अनुमोदन के लिए भेजा गया। यहां से 12 मार्च 2024 को इस अधिनियम पर राष्ट्रपति का अनुमोदन मिल गया। इसके बाद यूसीसी के क्रियान्वयन के लिए तकनीक आधारित व्यवस्थाएं लागू की गईं। नागरिकों और अधिकारियों के लिए ऑनलाइन पोर्टल विकसित किए गए। बीती 20 जनवरी को यूसीसी की नियमावली को अंतिम रूप देकर कैबिनेट ने इसे पास कर दिया। बीते कई दिनों से इसके पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन को लेकर विभिन्न स्तरों पर मॉक ड्रिल भी चल रही थी। शुक्रवार को हुई मॉक ड्रिल में पहले आई समस्याओं को दूर कर लिया गया। दोपहर 12.30 बजे यूसीसी की नियमावली का भी लोकार्पण किया गया। मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने कहा कि समिति ने कई सालों की मेहनत के बाद यूसीसी को तैयार किया है। यह हमारे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। समाज पर इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

### उत्तराखंडः यूसीसी नियमावली की प्रमुख बिंदु

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादून:** उत्तराखंड में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) नियमावली लागू हो गया है। अब विवाह, तलाक, लिव इन, लिव इन से अलग होना, विरासत आदि के ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। आवेदकों के अधिकारों के संरक्षण की भी व्यवस्था की गई है। सब रजिस्ट्रार-रजिस्ट्रार समय पर कार्रवाई नहीं करता है तो ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। यह कानून अनुसूचित जनजातियों को छोड़कर, सम्पूर्ण उत्तराखंड राज्य और राज्य से बाहर रहने वाले उत्तराखंड के निवासियों पर लागू होगा। इस कानून के नियम, प्रावधानों और का विवरण इस प्रकार है।

## मंत्रोच्चार के बीच गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने लगाई संगम में डुबकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भनगरः** गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मठों, मंदिरों और अखाड़ों के संतों के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम में पवित्र डुबकी लगाई। संत समाज ने उन्हें वैदिक विधि से स्नान करवाया और मां गंगा का पावन जल गृहमंत्री पर छिड़ककर पूजा-अर्चना कराई। स्नान के बाद गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने संगम पर ही विशेष पूजा अर्चना की और संगम आरती में भी हिस्सा लिया। इस दौरान, गृहमंत्री अमित शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधु व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गृहमंत्री को कुम्भ कलश भी भेंट में दिया, जबकि साधु संतों ने उन्हें माला पहनाई और चंदन व टीका लगाया। भगवा वस्त्रों में गृहमंत्री और मुख्यमंत्री ने जूना पीठाधीश्वर अवधेशानंद, निरंजनी पीठाधीश्वर कैलाशानंद और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी, बाबा रामदेव समेत अन्य संतों के साथ संगम में डुबकी लगाई।



**पवित्र डुबकी**

गृहमंत्री शाह के साथ उनकी पत्नी सोनल शाह, बेटे जय शाह और पुत्र वधु व पोतियों ने भी स्नान और पूजा पाठ में हिस्सा लिया

## आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा करेंगेः राहुल गांधी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः महू में** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी ने कहा था कि अगर हमारी 400 सीटें आएंगी तो हम संविधान बदल देंगे। उनके इस बयान पर हम उनके सामने खड़े हुए। लोकसभा में 400 पार छोड़ो उन्हें सदन में मत्था टेककर घुसना पड़ा। राहुल गांधी ने कहा कि जिस दिन ये संविधान खत्म हो जाएगा, उस दिन देश के गरीबों के लिए कुछ नहीं बचेगा। दलितों-आदिवासियों-पिछड़ों के लिए देश में कुछ नहीं बचेगा। इनका यही लक्ष्य है। उन्होंने आगे कहा कि आंबेडकर जी, महात्मा गांधी जी, भगवान बुद्ध, ज्योतिबा फूले जी और हिन्दुस्तान के जो महापुरूष है, उनकी सोच उनकी आवाज इस संविधान में है। वहीं राहुल गांधी ने कहा कि आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा किया जाएगा। कांग्रेस की सरकार आने पर लोकसभा और राज्यसभा में बिल पास कराकर 50 फीसदी की रेखा को हटाया जाएगा राहुल गांधी ने संघ प्रमुख पर हमला बोलते हुए कहा कि कुछ दिन पहले आरएसएस के नेता मोहन भागवत ने कहा कि भारत को 15 अगस्त 1947 को आजादी नहीं मिली, वो झूठी आजादी थी, असली आजादी तो मोदी जी के आने के बाद मिली थी।



**दावा**

आरक्षण को 50 फीसदी से ज्यादा किया जाएगा। बिल पास कराकर 50 फीसदी की रेखा को हटाया जाएगा

## नायब सरकार के 100 दिन पूरे होते ही मुख्यमंत्री ने किसानों को दिया बड़ा तोहफा

**बोनस जारी**

मुख्यमंत्री नायब सैनी ने किसानों के बैंक खातों में 368 करोड़ रुपये की बोनस राशि जारी की



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किसानों के हित में कदम उठाते हुए एक क्लिक से किसानों के बैंक खातों में 368 करोड़ रुपये की बोनस राशि जारी की है। सरकार का यह कदम न केवल सरकार की किसान-हितैषी नीतियों को प्रतिबिंबित करता है, बल्कि हरियाणा के किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को भी दशार्ता है। मुख्यमंत्री हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज, विपुल गोयल, श्याम सिंह राणा, रणबीर गंगवा, श्रुति चौधरी और विधानसभा उपाध्यक्ष डॉ कृष्ण लाल मिड्ढा उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए खरीफ-2024 के दौरान प्रतिकूल मौसम की स्थिति के कारण राज्य में उत्पादित की जा रही कृषि एवं बागवानी फसलों पर 2000 रुपये प्रति एकड़ बोनस देने का फैसला किया। अब तक कुल 1345 करोड़ रुपये की राशि किसानों को दी जा चुकी है।

**पट्टेदार किसानों और भूमि मालिकों के बीच जमीन के कब्जे तथा मुआवजे के विवाद को किया समाप्त**


नायब सिंह सैनी ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले विधानसभा सत्र में ही किसानों को मजबूत करने के लिए राज्य सरकार ने 3 और महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं।

## फिर शुरू होगी कैलाश मानसरोवर यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विदेश मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी के मुताबिक, भारत और चीन ने कैलाश मानसरोवर यात्रा फिर से शुरू करने का फैसला किया।

भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री और चीनी मंत्री वांग यी के बीच में हुई मुलाकात में यह फैसला लिया गया। बता दें कि काफी लंबे समय से कैलाश मानसरोवर यात्रा बंद है। इसके अलावा भारत और चीन दोनों देशों के बीच सीधी हवाई सेवाएं फिर से शुरू करने पर भी सैद्धांतिक रूप से सहमत हुए हैं।



गंगा बड़ी न गोदावरी, तीरथ बड़ौ न प्रयाग, सबसे बड़ी अयोध्या नगरी, जहां राम लियो अवतार।" इसी प्रचलित कहावत के मायनों को श्रद्धालुओं ने सिद्ध कर दिया है। जानकारी के मुताबिक पिछले 30 घंटे में लगभग 25 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन को पहुंच चुके हैं।

## डोनाल्ड ट्रंप से पीएम मोदी ने फोन पर की बात

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बात की है। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद पीएम मोदी और ट्रंप के बीच पहली बार बातचीत हुई है। इस बातचीत को लेकर पीएम मोदी सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट भी किया है, जिसमें उन्होंने लिखा- अपने प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करके बहुत खुशी हुई। उन्हें उनके ऐतिहासिक दूसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी। हम पारस्परिक रूप से लाभकारी और भरोसेमंद साझेदारी के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपने लोगों के कल्याण और वैश्विक शांति, समृद्धि और सुरक्षा के लिए मिलकर काम करेंगे। जानकारी के मुताबिक, फोन पर बातचीत के दौरान दोनों देशों के राष्ट्राध्यक्षों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की है। इस दौरान दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्वॉड, तमाम वैश्विक मुद्दों समेत कई अन्य मसलों पर चर्चा की है। वहीं पीएम मोदी ने डोनाल्ड ट्रंप को दोबारा और अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने पर भी बधाई दी थी। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा था- प्रिय मित्र डोनाल्ड ट्रंप को अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ऐतिहासिक शपथ ग्रहण पर बधाई। मैं एक बार फिर हमारे दोनों देशों के लाभ के लिए और दुनिया के लिए एक बेहतर भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करने को उत्सुक हूं।



## दिल्ली चुनाव में सीएम सुक्खू और प्रतिभा सिंह पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिलली/चमन शर्मा**

हिमाचल प्रदेश के उट सुखविंदर सिंह सुक्खू आज मध्यप्रदेश के महू पहुंचे हैं ।बता दें कि अखिल भारतीय कांग्रेस द्वारा महू संविधान अभियान की शुरुआत की जा रही है। कुछ ही देर में उट सुक्खू महू में जय भीम, जय बापू -जय संविधान रैली में शामिल होंगे, जहां पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी उपस्थित रहेंगे।

## जेपीसी ने वक्फ विधेयक में 14 संशोधनों को मंजूरी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः वक्फ** विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति ने भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए सांसदों के विधेयक में सुझाए गए कई सुझाव स्वीकार कर लिए हैं। हालांकि विपक्षी सांसदों का आरोप है कि उनके सुझावों को नकार दिया गया। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि उनकी बात नहीं सुनी जा रही है। वहीं समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि समिति द्वारा सुझाए गए बदलावों से बेहतर और प्रभावशाली कानून बनेगा।

**विपक्ष का आरोप- उनके संशोधन खारिज कर दिए गए**


विपक्षी सांसदों ने जेपीसी की बैठकों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया नष्ट होने का आरोप लगाया। टीएमसी सांसद और जेपीसी के सदस्य कल्याण बनर्जी ने आरोप लगाया कि जेपीसी बैठक के दौरान उनकी बात नहीं सुनी गई और जगदंबिका पाल तानाशाही तरीके से काम कर रहे हैं। उन्होंने पूरी प्रक्रिया को हास्यास्पद करार दिया। कल्याण बनर्जी ने कहा कि 'उन्होंने वही तय किया, जो उन्होंने पहले से तय किया हुआ था। यह लोकतंत्र के इतिहास में काला दिन है।' हालांकि जगदंबिका पाल ने विपक्ष के आरोपों को खारिज कर दिया और कहा कि पूरी प्रक्रिया लोकतांत्रिक तरीके से हुई और बहुमत के आधार पर फैसले लिए गए। जेपीसी अध्यक्ष जगदंबिका पाल ने जेपीसी की बैठक के बाद कहा कि 'ये हमारी आखिरी बैठक थी। जेपीसी की बैठकों में 44 संशोधनों पर चर्चा हुई। हमने सभी सदस्यों से प्रस्तावित संशोधन मांगे थे। समिति ने 14 संशोधनों को बहुमत के आधार पर स्वीकार किया है।

विपक्ष ने भी कुछ संशोधन सुझाए थे, लेकिन जब इन्हें लेकर मतदान कराया गया तो उन्हें बहुमत के आधार पर खारिज कर दिया गया।



**विपक्ष नाराज**

विपक्षी सांसदों का आरोप है कि उनके सुझावों को नकार दिया गया। उनकी बात नहीं सुनी जा रही है

# विधायक ने ध्वजारोहण कर संविधान निर्माता को किया नमन

**बधाई दी**

**मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने ध्वजारोहण करते हुए गणतंत्र दिवस समारोह की बधाई दी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** नई अनाज मंडी में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान ने ध्वजारोहण करते हुए गणतंत्र दिवस समारोह की बधाई दी। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों व शहीदों को नमन करते हुए कहा कि 75 वर्ष पहले सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सदस्यों को भी नमन किया। कादियान ने राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत परेड का निरीक्षण किया और परेड की सलामी ली। इस दौरान विभिन्न स्कूलों की सांस्कृतिक टीमों ने देशभक्ति व हरियाणवी संस्कृतिक कार्यक्रमों व डंबल, पीटी प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने सभी संस्कृतिक टीमों को सम्मानित किया। इसके अलावा परेड टुकडियों में हरियाणा पुलिस पुरूष टीम व विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने भाग लिया। समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा सरकारी योजनाओं पर आधारित झांकिया भी निकाली गई। इस दौरान एसडीएम मनीष कुमार फोगाट, एसीपी मलकीत सिंह, तहसीलदार सुमन लता, नायब तहसीलदार गजेंद्र, नगर पालिका अध्यक्ष अरुण त्यागी आदि मौजूद रहे।

-विरांगनाओं को किया सम्मानित

विधायक देवेन्द्र कादियान ने गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान स्वतंत्रा सेनानी एवं विरांगनाओं को सम्मानित किया। इसके पश्चात विधायक ने उत्कृष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान भिगान टोल प्लाजा पर गिरे रूपयों व कागजातों से भरा बैग उसके मालिक को लौटा कर ईमानदारी की मिसाल पेश करने वाले टोल कर्मी सूरज को भी विशेष तौर पर सम्मानित किया।

## उत्तर रेलवे

**फाइल संख्या 752-ई/पुनः नियुक्ति/सेवानिवृत कर्मचारी/सी एच/2025**

उत्तर रेलवे केंद्रीय चिकित्सालय, बसंत लेन, नई दिल्ली–110055 में डायलिसिस तकनीशियन 04 पद पर पुनः नियुक्ति के लिए सेवानिवृत पैरा मेडिकल स्टाफ से 09.02.2025 तक आवदेन आमंत्रित किये जाते हैं/रिक्तियों की स्थिति, नियम शर्तो व आवेदन पत्र के प्रारूप के साथ विस्तृत विज्ञापन उत्तर रेलवे वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। 289/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

**निविदा सूचना**

**ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

| | |
|---|---|
| **निविदा सूचना संख्याः** 32-W-BR-DRONE&UDAR-MB DATE 24.01.2025 | |
| **कार्य का नाम व स्थानः** मुरादाबाद मंडल में मुरादाबाद–सहारनपुर खंड पर पुल संख्या 1259 UP (8x45.75 मीटर) पुल संख्या 1252 DN (10x23.21 मीटर), और चंदौसी–अलीगढ़ खंड पर पुल संख्या 101 (33x24.4 मी) मुरादाबाद मंडल के बरेली–मुरादाबाद खंड पर पुल संख्या 1125 UP (10x30.5 मीटर) और पुल संख्या 1137 UP (10x61 मीटर) पर ड्रोन और स्थलीय लिडार आधारित निरीक्षण की मदद से रेलवे स्टील गर्डर पुलों की डिजिटल ट्विन मॉडलिंग का कार्य। | |
| **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 71,14,474.30 | |
| **धरोहर राशिः** ₹ 1,42,300/- | |
| **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 5 (पाँच) महीने | |
| **निविदा जमा करने व खुलने का समयः** दिनांक 18.02.2025 पर 15:00 बजे तक, तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15:00 बजे के पश्चात। | |

**नोटः** उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 287/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **गुरनाम सिंह पुत्रः** गुरूवचन सिंह, **पताः** मकान नं. 177/ए, गली नं. 9, भोला नाथ नगर, शाहदरा, दिल्ली ने **FIR No. 378/2016, U/s 354/506 IPC,** थानाः फर्श बाजार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुरनाम सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **गुरनाम सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 378/2016, U/s 354/506 IPC,** थानाः फर्श बाजार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **गुरनाम सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री श्रुति शर्मा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
कोर्ट नं. 55, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1024/SHD/2025
(Court Matter)

## नोएडा — नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण

त्रुस ष्ुपपगिम ज्पयगे क्मिख्व७6, गपक,:प७201301, ҕ(ष्
वैबसाइटः www.noidaauthorityonline.in

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

अर्ह निविदाकारों से निम्न जॉब हेतु ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है, जिन्हें निम्नानुसार तिथियों तक अपलोड किया जा सकता है एवं प्राप्त ई–निविदाओं को उनके सम्मुख दर्शायी गई तिथियों पर खोला जाएगा। निविदा संबंध में समस्त विवरण व शर्ते नौएडा प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट www.noidaauthorityonline.in & https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधित व अतिरिक्त सूचनाओं के लिए उक्त वेबसाईट देखते रहें।

**ए) फ्रेस–टेण्डर कार्यः–**

| क्र. सं | जॉब संख्या | कार्य का नाम | निविदा की धनराशि (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 14/उ.म.प्र./वरि0प्र0 (व.स. – 5)/ 2024–25 | भवनों के अनुरक्षण कार्य (सैक्टर–34 में पॉकेट–बी–01 की क्षतिग्रस्त चारदीवारी व नाली की मरम्मत कराने का कार्य), नौएडा। | 13.39 |
| 2 | 13/वरि0प्र0 (व.स. – 4)/ ई.नि./2024–25 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण (ग्राम छजारसी सैक्टर–63 में यू०जी०आर० एवं सामुदायिक केन्द्र के मध्य स्थित तालाब का सौन्दर्याकरण का कार्य), नौएडा। | 29.65 |
| 3 | 19/उ.म.प्र./वरि0प्र0 (व.स. – 9)/ ई.नि./2024–25 | ग्राम विकास कार्य (ऑपरेशन कायाकल्प योजना के अन्तर्गत ग्राम याकूतपुर के प्राइमरी स्कूल में टॉयलेट एवं किचन का निर्माण कार्य), नौएडा। | 11.66 |
| 4 | 24/उ.म.प्र./वरि0प्र0 (व.स. – 7)/ ई.नि./2024–25 | ग्राम विकास एवं अनुरक्षण (ग्राम इलाबांस में नयागांव बारातघर के सामने सी०सी०रोड़ एवं नाली का निर्माण कार्य), नौएडा। | 25.59 |

उपरोक्त निविदा को दिनांक 10.02.2025 सायं 5.00 बजे तक अपलोड किया जा सकता है। प्राप्त ई–निविदाओं की प्री–क्वालिफिकेशन दिनांक 11.02.2025 को 11.00 बजे खोली जायेगी।

**महत्वपूर्ण सूचनाः** नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण के अधिसूचित क्षेत्र में शासन से स्वीकृत मास्टर प्लान एवं उत्तर प्रदेश औद्योगिक क्षेत्र विकास अधिनियम, 1976 के विपरीत प्लॉटिंग या किसी भी प्रकार का अन्य निर्माण पूरी तरह अवैध है। जनसामान्य को आगाह किया जाता है कि इस प्रकार की अवैध कॉलोनियों एवं अवैध निर्मित भवनों में भूखण्डों/अपार्टमेंट/दुकान/गोडाऊन/फार्महाउस की खरीद–फरोख्त से पूर्णतः सचेत रहें तथा कॉलोनाईजर के लुभावने एवं भ्रामक विज्ञापनों से बचें। साथ ही नौएडा अधिसूचित क्षेत्र के हिण्डन एवं यमुना नदियों के डूब क्षेत्र (Flood Plain Zone) में अनाधिकृत/अवैध प्लॉट एवं फार्म हाऊसों के कारोबार में संलिप्त भूमाफियाओं के चंगुल में न फंसें।

उप महाप्रबन्धक (सिविल), नौएडा

स्वच्छ, हरित, सकुशल, सुरक्षित नौएडा

# ग्रैंडपेरेंटस डे पर दादा-दादी के महत्व को समझाया



**समारोह**

**भाजपा जिला महामंत्री निशांत छौक्कर व नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने शिरकत की**

**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** जीटी रोड स्थित हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में पेरेंट्स व ग्रैंडपेरेंटस डे का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री ओएसडी वीरेंद्र बढ़खालसा और विशिष्ट अतिथि विधायक देवेंद्र कादियान, भाजपा जिला महामंत्री निशांत छौक्कर व नपाध्यक्ष अरुण त्यागी ने शिरकत की। विद्यार्थियों ने गणेश वंदना, देशभक्ति और हरियाणवी संस्कृति से ओतप्रोत कार्यक्रमों से दर्शकों का मन मोहा। इस अवसर पर अतिथियों ने स्कूल प्रबंधक सुनील नागपाल, संजय नागपाल व प्रबंध निदेशक नेहा नागपाल के सहयोग से शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए छात्रों को पुरस्कृत किया।

## उत्तर रेलवे

**ई–ऑक्शन सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई–नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसरा)। जिसका विवरण वेबसाइट IREPS पर मौजूद है। ई–नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

**नीलामी कैटलॉग सं.: UMB-Ctg-02-25 रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस प्रारंभ होने की तिथि व समयः 05.02.2025 को 12:00 बजे**

| लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|
| Catg-UMB-MOT-GMU-69-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टॉल, प्लेटफॉर्म नं. 2 पर मलोट रेलवे स्टेशन पर (Size 10'X6') | 05.02.2025 को 12:30 बजे |
| Catg-UMB-PUL-GMU-72-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टॉल, प्लेटफॉर्म नं. 1 पर रामपुरा फुल रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'X6') | 05.02.2025 को 12:40 बजे |
| Catg-UMB-GDB-GMU-71-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टॉल, प्लेटफॉर्म नं. 2 पर गिद्दरबाहा रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'X6') | 05.02.2025 को 12:50 बजे |
| Catg-UMB-NBA-GMU-63-24-1 (खान पान–जनरल माइनर यूनिट (GMU) जनरल के लिए स्टॉल संख्या नं. 1 प्लेटफॉर्म नं. 1 पर नाभा रेलवे स्टेशन पर) | 05.02.2025 को 13:00 बजे |
| Catg-UMB-SRE-SMU-55-24-1 (खान पान–स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए स्टॉल नं. 2 प्लेटफॉर्म नं. 1 सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर) (Size 10'X6') | 05.02.2025 को 13:10 बजे |

ई–नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। 286/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## Format C-1

Declaration about criminal cases
(As per the judgment dated 25th September, 2018, of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.)
Name and address of candidate: **ALKA LAMBA, R/O C-39, TAGORE GARDEN EXTENSION, RAJORI GARDEN, TAGORE GARDEN, WEST DELHI, DELHI – 110027**
Name of political party: **INDIAN NATIONAL CONGRESS**
Name of Election: **DELHI LEGISLATIVE ASSEMBLY ELECTIONS 2025**
Name of Constituency: **51-KALKAJI ASSEMBLY CONSTITUENCY**
**I, ALKA LAMBA,** a candidate for the abovementioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents:

A. Pending Criminal Cases

| Sl.No. | Name of Court | Case No. and dated | Status of case(s) | Section(s) of Acts concerned and brief description of offence(s) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Ld. Metropolitan Magistrate, Jaipur Metro 1, Jaipur, Rajasthan | Cr. Case 16096 of 2024 FIR No. 362 of 2017 dated 25.10.2017 | Charges not framed | Section 353 and 147 of the Indian Penal Code, 1860 |

B. Details about cases of conviction for criminal offences

| Sl.No. | Name of Court & dates(s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed | Maximum punishment imposed |
|---|---|---|---|
| Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable |

## DECLARATION ABOUT CRIMINAL CASES

**FORMAT C-1**

Name and Address of Candidate: **SH. DEVENDER YADAV, House NO-360, SAMAYPUR, DELHI-110042.**

Name of Political Party: **INDIAN NATIONAL CONGRESS**

Name of Election: **CONTESTING FOR THE POST OF MLA FROM AC-05, BADLI CONTITUENCYNCT DELHI**

Name of Constituency: **BADLI**

I, **SH. DEVENDER YADAV**, A CANDIDATE OF ABOVE MENTIONED ELECTION, DECLARE FOR PUBLIC INFORMATION THE FOLLOWING DETAILS ABOUT MY CRIMINAL ANTECEDENTS:

(A) PENDING CRIMINAL CASES

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (A) | NAMEOF COURT | JUDICIAL MEGISTRATE FIRST CLASS | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| (B) | CASE NO. AND DATED | CASE NO.940/2023 | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| (C) | STATUS OF CASE(S) | MISC./APPEARANCE | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |
| (D) | SECTION(S) OF ACTS CONCERNED AND BRIEF DESCRIPTION OF OFFENCE(S) | 120B, 323, 452, 506, 34 OF IPC SECTION 3, 3(5), 4 OF THE SCHEDULED CASTES AND THE SCHEDULED TRIBES (PREVENTION OF ATROCITIES) ACT, 1989 AND FIR NO. 0482/2014 HAS BEEN LODGED AFTER FILLING COMPLIANT CASE BY THE COMPLAINANT BEFORE THE CONCERNED METROPOLITAN MAGISTRATE. THE COMPLAINT HAS BEEN FILLED IN RESPECT OF PROPERTY DISPUTE. CHARGE SHEET HAS NOT BEEN FILLED TILL DATE AND CHARGES ARE NOT BEEN FARMED AGAINST THE CANDIDATE IN THE PRESENT FIR. | NOT APPLICABLE | NOT APPLICABLE |

SH. DEVENDER YADAV

INDIAN NATIONAL CONGRESS PARTY, AC-05, BADLI CONSTITUENCY

# सड़क सुरक्षा सप्ताह का हुआ समापन

**गन्नौर।** अंतर्राष्ट्रीय बागवानी मार्केट गन्नौर में नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह का सोमवार को समापन हुआ।

सुरक्षा प्रभारी मनोज कौशिक द्वारा लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर 55 बार रक्तदान कर चुके समाजसेवी सोमवीर शास्त्री को विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 (2) (ii) CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नामः **कमलेश कुमार, पुत्रः किशन, अभिभावकः गुड्डू, निवासीः A-98, गली नंबर-03, ब्लॉक-A, महा लक्ष्मी एन्क्लेव, दिल्ली-110094** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **CIS No.47557/2015 U/S 138 NI Act** के तहत एक मामला **थाना करावल नगर, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **कमलेश कुमार** नहीं मिली या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **कमलेश कुमार** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **कमलेश कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **05.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
इसरा जैदी
जेएमएफसी-04, कमरा न. 64
चौथी मंजिल, उत्तर पूर्व जिला
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1070/NE/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी सीमा शेहावती, पत्नी श्री.** एमएल शशांक शेहावती, **पताः** मकान नं. डब्ल्यू2/42–43, दूसरी मंजिल, विष्णु गार्डन, गुरुद्वारे के पास, सुभाष नगर, **दिल्ली FIR No. 6905/2018, U/S: 138 Negotiable Instruments Act, पुलिस थानाः विजय विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सीमा शेहावती,** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सीमा शेहावती,** फरार हो गयी है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **सीमा शेहावती, FIR No. 6905/2018, U/S: 138 Negotiable Instruments Act, पुलिस थानाः विजय विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
एब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
उत्तर पश्चिम कमरा नं. 107. प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/1044/RD/2025
(Court Matter)


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन** : 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव बहालगढ़ में बंजारा चौपाल के सामान दरवाजे, खिड़की, सरिया, ईट की खुली बोली दिनांक 29.01.2025 को सुबह 11:00 बजे की जानी निश्चित की गई है। जिसकी जमानत राशि मु0 5000/रू0 है। नियम व शर्ते मौके पर सुना दी जाऐगी।

राजेश स्वामी, सरपंच,
ग्राम पंचायत बहालगढ़
खण्ड- राई

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं, रमेश पुत्र ब्रह्मानंद निवासी गांव शेखपुरा तह० गन्नौर जिला सोनीपत अपने हल्फ से ब्यान करता हूँ मेरा लड़का सन्नी , मेरे व मेरे परिवार के सदस्यों के कहने सुनने से बाहर है। इसलिये मैं अपने उक्त लड़के सन्नी को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और संबंध विच्छेद करता हूं। आज के बाद अगर कोई भी सन्नी से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# आदर्श नगरः मॉडल टाउन एम-ब्लॉक में मुकेश गोयल ने भरी हुंकार

## ● जनता से किया हर वादा होगा पूरा, जनहित में लेंगे कड़े और बड़े फैसलेः मुकेश गोयल








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली**: आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुकेश गोयल ने अपने चुनाव प्रचार अभियान को और तेज कर दिया है। नुक्कड़ सभा, डोर-टू-डोर मीटिंग्स के अलावा जनसंपर्क अभियान के साथ ही व्यक्तिगत रूप से भी मुकेश गोयल लोगों का जनसमर्थन जुटा रहे हैं। इसी कड़ी में मुकेश गोयल ने मॉडल टाउन एम-ब्लॉक सहित कई इलाकों में पदयात्राएं की। इस दौरान उन्होंने पदयात्रा निकालकर लोगों से व्यक्तिगत जनसंपर्क किया और वोट की अपील की।

**मॉडल टाउन एम ब्लॉक में लोगों ने मुकेश गोयल के समक्ष रखी क्षेत्र की समस्याएं** : इस मौके पर मुकेश गोयल के समक्ष मॉडल टाउन एम- ब्लॉक के लोगों ने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। लोगों ने कहा कि क्षेत्र में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, जिसका निवारण जरूरी है। मुकेश गोयल ने भी सभी की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि चुनाव में जीत दर्ज करने के बाद सभी समस्याओं का निवारण होगा।

**भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी की लिया आड़े हाथों**: सभा के दौरान मुकेश गोयल ने भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशी को एक-एक करके आड़े हाथों लिया। इस दौरान मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपा समाज को बांटने का काम करती है। ध्रुवीकरण की नीति अपनाकर वोटों की राजनीति करती है। मुकेश गोयल ने कहा कि दिल्लीकी जनता बहुत होशियार है और भाजपा की गंदी राजनीति का शिकार नहीं बनेगी। मुकेश गोयल ने आगे कहा कि आज भाजपा राज में महंगाई चरम पर है। जनता त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रही है। सब्जियों के दाम आसामन छू रहे हैं। चावल आटा और तेल मसालों के दाम भी आज चरम पर हैं। इस बार दिल्ली की जनता भाजपा के गलत नीतियों का खूब विरोध कर रही है और जनता महंगाई के नाम पर बीजेपी के खिलाफ वोट करेगी। मुकेश गोयल ने कहा कि भाजपाई सिर्फ जुमलों की राजनीति करते हैं।

**आप ने दिल्ली की जनता से जो किया वादा, उसे किया पूराः** मुकेश गोयल ने कहा कि आम आदमी पार्टी जो भी वादे करती है उसे पूरा करती है। बिजली-पानी-महिलाओं को बस फ्री का वादा पूरा किया। आज दिल्ली में 24 घंटे बिजली निर्बाध रूप से आती है, ये सिर्फ केजरीवाल सरकार के कार्यकाल में हुआ है। महिलाओं को निशुल्क दिल्ली परिहवान निगम की बसों में यात्रा करने की सुविधा प्राप्त है और चुनाव जीतने के बाद दिल्ली सरकार लड़कियों को पढ़ने वाले छात्रों को दिल्ली में मेट्रो में रिहायत देगी। इसके लिए पार्टी के सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल ने पिछले दिनों केंद्र सरकार को पत्र भी लिखा है।

आम आदमी पार्टी दिल्ली का सिर्फ हित चाहती है और इसके लिए आप सभी भारी मतों से आप को विजयी बनाएं।






# यातायात निर्देशिका

दिल्ली पुलिस
शांति सेवा न्याय

## बीटिंग रिट्रीट समारोह

## 29 जनवरी, 2025

यातायात पुलिस दिल्ली






गणतंत्र दिवस समारोह, 2025 के हिस्से के रूप में, बीटिंग रिट्रीट समारोह 29.01.2025 को विजय चौक पर आयोजित किया जाएगा। दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने बीटिंग रिट्रीट समारोह और राष्ट्रपति भवन, नॉर्थ ब्लॉक, साउथ ब्लॉक और संसद भवन की रोशनी देखने की विस्तृत यातायात व्यवस्था की है।

### यातायात प्रतिबंध

निम्नलिखित यातायात प्रतिबंध **29.01.2025 को 1400 बजे से 2130 बजे** तक लगाए जाएंगे।

1. विजय चौक आम यातायात के लिए बंद रहेगा।
2. निम्नलिखित हिस्सों पर यातायात की अनुमति नहीं होगीः–
   (ए) आर/ए सुनहरी मस्जिद और आर/ए कृषि भवन के बीच रफी मार्ग।
   (बी) रायसीना रोड आर/ए कृषि भवन से विजय चौक की ओर।
   (सी) आर/ए दारा शिकोह रोड, आर/ए कृष्णा मेनन मार्ग और आर/ए सुनहरी मस्जिद से आगे विजय चौक की ओर।
   (डी) विजय चौक और "सी" हेक्सागन के बीच कर्तव्यपथ।

**आम जनता/मोटर चालकों को वैकल्पिक मार्ग यानी रिंग रोड, रिज रोड, अरबिंदो मार्ग, मदरसा टी–प्वाइंट, सफदरजंग रोड–कमल अतातुर्क मार्ग, रानी झांसी रोड, मिंटो रोड आदि लेने की सलाह दी जाती है।**

### बसों के लिए मार्ग परिवर्तन

**आमंत्रित लोगों और दर्शकों के वाहनों की सुविधा के लिए और समारोह स्थल और इंडिया गेट के आसपास की सड़कों पर यातायात की भीड़ से बचने के लिए 29.01.2025 को 1400 बजे से 2130 बजे तक डी.टी.सी और अन्य सिटी बसों को उनके सामान्य मार्गों से मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। बसों का मार्ग परिवर्तन इस प्रकार रहेगाः–**

1. शांति पथ–विनय मार्ग–सरदार पटेल मार्ग से आने वाली केंद्रीय सचिवालय और कनॉट प्लेस जाने वाली बसें पंचशील मार्ग–साइमन बोलिवर मार्ग–वंदे मातरम मार्ग–आर/ए शंकर रोड–शेख मुजीबुर रहमान रोड से जाएंगी।
2. केंद्रीय सचिवालय जाने वाली बसें उद्यान मार्ग पर समाप्त होंगी और काली बाड़ी मार्ग–मंदिर मार्ग–शंकर रोड के रास्ते वापस आएंगी।
3. कनॉट प्लेस जाने वाली बसें मंदिर मार्ग–काली बाड़ी मार्ग–जी.पी.ओ.–बाबा खड़क सिंह मार्ग से जाएंगी और कनॉट प्लेस पहुंचेंगी और भगत सिंह मार्ग–पेशवा रोड–मंदिर मार्ग–शंकर रोड और वंदे मातरम मार्ग से होकर वापस आएंगी।
4. दक्षिणी दिल्ली से तुगलक रोड पर आने वाली और कनॉट प्लेस/केंद्रीय सचिवालय जाने वाली बसों को अरबिंदो चौक से सफदरजंग रोड–कमल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग–साइमन बोलिवर मार्ग की ओर मोड़ दिया जाएगा और क्रम संख्या 1 में उल्लेखित मार्ग का पालन किया जाएगा।
5. मंडी हाउस और फिरोज शाह रोड आने वाली और बाराखंभा रोड से कनॉट प्लेस जाने वाली बसें शिवाजी स्टेडियम पर समाप्त होंगी और कस्तूरबा गांधी मार्ग/बाराखंभा रोड से वापस लौटेंगी।
6. शाहजहां रोड पर आने वाली कनॉट प्लेस जाने वाली बसें अरबिंदो चौक–सफदरजंग रोड–कमल अतातुर्क मार्ग–पंचशील मार्ग और उससे आगे होते हुए शिवाजी स्टेडियम तक जाएंगी।
7. दक्षिण की ओर से आने वाली पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट की ओर जाने वाली बसें एआईएमएस से रिंग रोड से धौला कुआं और फिर रिज रोड, रानी झांसी रोड की ओर जाएंगी।
8. आश्रम की ओर से पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला और आईएसबीटी कश्मीरी गेट आने वाली बसें आश्रम चौक–रिंग रोड से सराय काले खां के लिए राजघाट होते हुए जाएंगी।
9. पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन, लाल किला, कश्मीरी गेट से आने वाली और दक्षिण और दक्षिण पूर्व की ओर जाने वाली बसें दिल्ली गेट–जवाहरलाल नेहरू मार्ग–राजघाट–रिंग रोड–सराय काले खां–आश्रम चौक से चलेंगी।
10. विकास मार्ग से आने वाली और दक्षिण की ओर जाने वाली बसें रिंगरोड–सराय काले खां–आश्रम चौक से जाएंगी।
11. कनॉट प्लेस से कस्तूरबा गांधी मार्ग होते हुए इंडिया गेट की ओर आने वाली बसें मिंटो रोड–डीडीयू मार्ग–आई.पी. फ्लाईओवर–रिंग रोड–सराय काले खां से चलेंगी।

### आम जनता के लिए निर्देश

किसी भी अज्ञात वस्तु या संदिग्ध व्यक्ति के देखे जाने की स्थिति में, ड्यूटी पर तैनात निकटतम पुलिसकर्मी को जानकारी दी जानी चाहिए। आम जनता और मोटर चालकों को सलाह दी जाती है कि वे धैर्य रखें, असुविधा से बचने के लिए तदनुसार यात्रा करें। यातायात नियम और सड़क अनुशासन और यातायात कर्मियों के निर्देशों का पालन करें और यातायात पुलिस फेसबुक पेज, X हैंडल और यातायात पुलिस हेल्पलाइन के माध्यम से अपडेट रहें। लोगों से अनुरोध है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और संभावित देरी से बचने के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त समय लेकर चलें।

आम जनता और वाहन चालक दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की
वेबसाइट https://traffic.delhipolice.gov.in
फेसबुक पेज https://www.facebook.com/dtptraffic
ट्विटर हैंडल https://twitter.com/dtptraffic
इंस्टाग्राम पेज https://www.instagram.com/dtptraffic
के माध्यम से अपडेट रह सकते हैं।
व्हाट्सएप नंबर 8750871493
हेल्पलाइन नंबर 1095/011–25844444

### पार्किंग

रफी मार्ग और "सी" हेक्सागोन के बीच जल चैनलों के पीछे विजय चौक पर रोशनी देखने आने वालों के लिए पार्किंग उपलब्ध होगी (शाम 7.00 बजे के बाद)

यातायात निर्देशिका के लिए कोड स्कैन करें

DP/9751/2025

यातायात प्रहरी बनें Google play or App Store से ऐप डाउनलोड करें | 24 घंटे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | जानकारी साझा करने के लिए 14547 पर कॉल करें | तुरंत पुलिस सहायता पाने के लिए 112 पर कॉल करें

## संपादकीय

# बजट में किसान, बेरोजगार हो प्राथमिकता

**देश में किसानों** की समस्याओं, उनके आत्महत्या के आंकड़े, बेरोजगारी का अलाम और महंगाई का आकड़ा भयावह हो रहा है। आगामी बजट को लेकर देश का किसान, बेरोजगार और आम आदमी बड़ी आश लगाए बैठा है। ऐसे में एक फरवरी को केन्द्र सरकार की वित्त मंत्री सीतारमण को अपने बजट में किसान,बेरोजगार और महंगाई पर नियंत्रण को प्राथमिकता से शामिल करना होगा। आगामी बजट में वित्त मंत्री किस क्षेत्र के लिए क्या घोषणाएं करेगी और क्या आम आदमी को महंगाई से राहत मिलेगी या करों का भर बढ़ेगा। फिलहाल यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। इस सम्बंध में सरकार में शामिल तथा विपक्षीयों द्वारा अपनी मांगें भी सरकार के सामने रखी हैं। उम्मीद है कि बजट में भारत को विकसित अर्थव्यवस्था बनाने के लिए ऐसे उपायों पर ध्यान दिया जाएगा जो समावेशी विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दशार्ते हैं। बजट में कृषि, एमएसएमई, घरेलू खपत और रोजगार सृजन को प्राथमिकता दिए जाने की उम्मीद है। घरेलू खर्च को बढ़ावा देने वाले उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। यह भी कहा जा रहा है कि इस बार के बजट को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भी किसान, बेरोजगार और महंगाई को लेकर कुछ विशेष घोषणाओं के मौखिक निर्देश वित्त मंत्री को दिए गए है।

किसानों के लगातार आन्दोलन एवं सरकार के बीच वाताओं के दौर में आम बजट से किसानों को बड़ी उम्मीदें हैं। किसानों की नजरें वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के ऐलानों पर टिकी हैं। देश की कुल आबादी और श्रम बल का ७० फीसद ग्रामीण इलाकों में रहता है।

अर्थव्यवस्था में मांग बढ़ाने के लिए उनकी क्रय शक्ति बढ़ाना जरूरी है। बजट में खेतीद्दकिसानी को लेकर सरकार कई बदलाव कर सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कृषि क्षेत्र जलवायु बदलावों के चलते मुश्किल दौर में है। कृषि अर्थव्यवस्था का १५ फीसद हिस्सा है और १.४ अरब लोगों को भोजन मुहैया कराती है। लेकिन मौजूदा समय में कृषि विकास दर घट कर १.४ फीसद रह गई है। ऐसे में बजट कृषि क्षेत्र को बेहतर भविष्य की ओर ले जाने का अहम मौका है। कृषि क्षेत्र की सकारात्मक वृद्धि अर्थव्यवस्था के लिए जरूरी है क्योंकि अर्थव्यवस्था के कई सेक्टरों में मंदी का दौर है। ऐसे में कृषि क्षेत्र को बढ़ावा दिये जाने से न केवल किसानों की आय बढ़ाएगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार अवसर भी सृजित होगें। कृषि उत्पादन बढ़ाने से निर्यात बढ़ेगा जिससे विदेशी मुद्रा भंडार भी मजबूत होगा। बहरहालॉ भारत में कृषि निर्यात बढ़ाने की क्षमता है लेकिन किसानों के सामने कई समस्याएं हैं। जिनके कारण कृषि उत्पादकता वृद्धि में २५ फीसद तक की कमी हुई है। उम्मीद है कि बजट में पीएम किसान सम्मान निधि योजनॉ मनरेगा और पीएम आवास योजना में फंड का आवंटन बढ़ सकता है। इसी तरह किसानों को सब्सिड़ी के आधार पर यंत्रों, उर्वरक आदि मुहैया कराने के लिए विशेष फण्ड का प्राविधान किया जा सकता है। यही हाल आम जनमानस का है कोरोना काल में आर्थिक रूप से टूट चुके आम आदमी के जीवन में महंगाई बर्दाश्त से बाहर हो चुकी है। ऐसे में महंगाई का असर हर घर पर पड़ रहा है खासतौर पर उन गृहणियों पर जो पूरे साल घर का खर्च चलाने की जिम्मेदारी उठाती हैं।

# शहर बसा नहीं उजाड़ने वाले पहले आ गए

**बलदेव राज भारतीय**

> सबसे पहले,यह कहना कि सरकारी कर्मचारियों का वेतन अत्यधिक है और इसे घटाया जाना चाहिए, न केवल भ्रामक है बल्कि वास्तविकता से परे भी है। वर्तमान समय में सरकारी कर्मचारी भी उसी समाज का हिस्सा हैं जहां महंगाई निरंतर बढ़ रही है। जीवन-यापन की बढ़ती लागत, शिक्षा, चिकित्सा, आवास और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकारी कर्मचारियों को भी अन्य वर्गों की तरह संघर्ष करना पड़ता है। आम धारणा के विपरीत, सरकारी कर्मचारियों के पास ऐसी वित्तीय स्थिरता नहीं होती कि वे बड़े खर्च बिना ऋण लिए कर सकें। वे एक कार खरीदते हैं तो ऋण लेना पड़ता है, घर बनाते समय भी ऋण की आवश्यकता होती है। बच्चों की शादी और शिक्षा जैसी बड़ी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए भी उन्हें वित्तीय संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है

**पिछले** दिनों केंद्रीय मंत्री द्वारा आठवें वेतन आयोग के गठन संबंधी समाचार आग की भांति समस्त देश विदेश में फैल गया। आठवें वेतन आयोग में वेतनमान को लेकर अफवाहों का बाजार तुरंत प्रभाव से गर्म हो गया। कई लोग सरकारी कर्मियों के वेतन के बढ़ने की संभावनाओं को लेकर परेशान होने लगे। इनमें से अधिकतर वे लोग हैं जिनके कईकई कारखाने चल रहे हैं तथा उनमें बहुत से कर्मचारी काम कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि यदि सरकारी कर्मचारियों का वेतन बढ़ेगा तो उन्हें भी अपने कर्मचारियों का वेतन उसी अनुपात में बढ़ाना होगा। इसलिए उनके पेट में संभावनाओं को लेकर ही दर्द हो गया। इसी क्रम में विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित देश के एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री के कुछ विचार चर्चा का विषय बने हुए हैं। अपने लेख के माध्यम से उन्होंने सुझाव दिया है कि आठवें वेतन आयोग का गठन करते समय तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान दिया जाना चाहिए:

1. सरकारी कर्मचारियों के वेतन को कम किया जाना चाहिए क्योंकि यह पहले ही बहुत अधिक है।
2. सरकारी कर्मचारियों की आय में भ्रष्टाचार से अर्जित धन को शामिल किया जाना चाहिए।
3. वेतन आयोग में किसी भी सरकारी कर्मचारी को शामिल नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इसमें निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों को जगह दी जानी चाहिए।

आर्थिक और सामाजिक दृष्टिकोण से इन सुझावों का विश्लेषण करने पर यह स्पष्ट होता है कि ये विचार व्यावहारिकता से कोसों दूर हैं। वातानुकूलित कक्ष में बैठकर ऐसे विचार व्यक्त करना बहुत सरल है। परन्तु वास्तविकता कुछ और कहती है।

सबसे पहले,यह कहना कि सरकारी कर्मचारियों का वेतन अत्यधिक है और इसे घटाया जाना चाहिए, न केवल भ्रामक है बल्कि वास्तविकता से परे भी है। वर्तमान समय में सरकारी कर्मचारी भी उसी समाज का हिस्सा हैं जहां महंगाई निरंतर बढ़ रही है। जीवन-यापन की बढ़ती लागत, शिक्षा, चिकित्सा, आवास और अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सरकारी कर्मचारियों को भी अन्य वर्गों की तरह संघर्ष करना पड़ता है। आम धारणा के विपरीत, सरकारी



कर्मचारियों के पास ऐसी वित्तीय स्थिरता नहीं होती कि वे बड़े खर्च बिना ऋण लिए कर सकें। वे एक कार खरीदते हैं तो ऋण लेना पड़ता है, घर बनाते समय भी ऋण की आवश्यकता होती है। बच्चों की शादी और शिक्षा जैसी बड़ी जिम्मेदारियों को निभाने के लिए भी उन्हें वित्तीय संस्थानों की ओर रुख करना पड़ता है। सच पूछिए तो प्रत्येक कर्मचारी ने किसी न किसी प्रकार का ऋण लिया हुआ है और उसका वेतन बैंक की ईएमआई चुकाने में चला जाता है। अगर उनका वेतन इतना अधिक होता, जैसा कि अर्थशास्त्री महोदय का दावा है, तो उन्हें यह आर्थिक संघर्ष क्यों झेलना पड़ता? हकीकत यह है कि अधिकांश सरकारी कर्मचारी अपने घर में किरायेदार की तरह रहते हैं, क्योंकि उनका वेतन उनकी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को पूरा करने में पर्याप्त नहीं होता। सरकारी वेतन घटाने का सुझाव न केवल अनुचित है बल्कि इसके दूरगामी परिणाम भी घातक हो सकते हैं। यदि वेतन घटाया जाता है, तो यह कर्मचारियों को भ्रष्ट तरीके अपनाने के लिए मजबूर कर सकता है। यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि ऐसा कदम सरकारी व्यवस्था में ईमानदारी की भावना को कमजोर करेगा और कर्मचारियों के कर्तव्यनिष्ठ होने में बाधा उत्पन्न करेगा।

दूसरा सुझाव,जो सबसे अधिक विवादित है, वह यह है कि भ्रष्टाचार से अर्जित धन को सरकारी कर्मचारियों की वार्षिक आय में शामिल किया जाए। यह प्रस्ताव न केवल हास्यास्पद है बल्कि नैतिक और कानूनी दृष्टिकोण से भी पूरी तरह गलत है।

भ्रष्टाचार समाज के लिए कैंसर के समान है, जो न केवल शासन व्यवस्था को खोखला करता है, बल्कि आम नागरिकों का विश्वास भी कमजोर करता है। ऐसे में इसे वैध आय के रूप में स्वीकार करना न केवल भ्रष्टाचार को बढ़ावा देगा, बल्कि इसे सामाजिक और कानूनी मान्यता भी प्रदान करेगा। भ्रष्ट तरीके से कमाए गए धन को उसकी आय में गणना कर उसे वैध कैसे बनाया जा सकता है। यदि कोई कर्मचारी भ्रष्ट तरीके से धनोपार्जन करता है तो उस पर भारी जुमार्ना लगाया जाना चाहिए, न कि उसके धन को आय में शामिल कर उस पर कर निर्धारित कर उसे वैध बनाया जाए। आवश्यकता इस बात की है कि भ्रष्ट अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो। उनकी संपत्ति जब्त की जाए, उन्हें सेवा से निष्कासित किया जाए।

भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने के लिए सख्त नीतियों और प्रभावी निगरानी तंत्र की आवश्यकता है, न कि इसे वैध बनाकर सामाजिक व्यवस्था को और भी अधिक बिगाड़ने की। भ्रष्टाचार को वैध आय में शामिल करने का विचार उस उद्देश्य के पूरी तरह विपरीत है, जिसके लिए सरकार काम कर रही है। सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए कि भ्रष्टाचार के सभी स्त्रोतों को समाप्त किया जाए और निष्ठावान कर्मियों को पुरस्कृत किया जाए।

तीसरा सुझावकि आठवें वेतन आयोग में सरकारी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व नहीं होना चाहिए, बल्कि इसमें केवल निजी क्षेत्र के लोग शामिल हों, एक और अव्यावहारिक विचार है। वेतन आयोग का गठन सरकारी कर्मचारियों के वेतन और भत्तों को निर्धारित करने के लिए किया जाता है। इसमें उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं और कार्य प्रकृति का विश्लेषण करना महत्वपूर्ण होता है। यदि आयोग में सरकारी कर्मचारियों का कोई प्रतिनिधि ही न हो, तो उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को सही ढंग से समझा ही नहीं जा सकेगा। यह वैसा ही होगा जैसे किसी फुटबॉल टीम का कोच किसी क्रिकेट खिलाड़ी को बना दिया जाए। सरकारी कर्मचारियों की वेतन संरचना, उनकी नौकरी की प्रकृति, जिम्मेदारियों और कार्यभार को समझने के लिए आयोग में सरकारी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, निजी क्षेत्र के प्रतिनिधियों को शामिल करना कई तरह के हितों के टकराव को जन्म दे सकता है। निजी क्षेत्र के लोग अपने अनुभव और दृष्टिकोण के आधार पर निर्णय लेंगे, जो सरकारी व्यवस्था के अनुकूल नहीं हो सकता। आठवें वेतन आयोग को न केवल वेतन वृद्धि की दिशा में कार्य करना चाहिए, बल्कि इसे एक व्यापक दृष्टिकोण के साथ काम करना चाहिए। कर्मचारियों के वेतन को महंगाई दर, जीवन स्तर और उनकी जिम्मेदारियों के आधार पर तय किया जाना चाहिए। यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे अपने परिवार की बुनियादी जरूरतों को बिना ऋण के पूरा कर सकें। भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए सख्त नियम बनाए जाने चाहिए। भ्रष्टाचार के मामलों की जांच के लिए स्वतंत्र और पारदर्शी तंत्र की स्थापना की जानी चाहिए। वेतन आयोग में सरकारी कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व अनिवार्य होना चाहिए। इससे नीतियां अधिक संतुलित और वास्तविक होंगी। केवल वेतन वृद्धि ही समाधान नहीं है।

कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रोत्साहन और मान्यता दी जानी चाहिए। इससे न केवल उनकी संतुष्टि बढ़ेगी, बल्कि उनकी कार्यक्षमता में भी सुधार होगा। कर्मचारियों को आधुनिक तकनीकों और कार्यप्रणालियों का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, ताकि वे अपने कार्यक्षेत्र में और अधिक कुशल बन सकें। आठवें वेतन आयोग का गठन एक महत्वपूर्ण और संवेदनशील प्रक्रिया है, जिसका प्रभाव लाखों सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवारों पर पड़ता है।

## कविता

जो जैसा बोयेगा
वैसा ही तो काटेगा।

जो जैसा बोयेगा
वैसा ही तो काटेगा,
हिंसा नफरत ईर्ष्या
यदि विश्व में फैलाओगे
शांति अमन चैन
कहां से पाओगे।
रूस यूक्रेन युद्ध
विस्तार वाद की परिणति
लाखों लोगों ने देदी
इस हिंसा में आहुति।
बेघर हुई मानव जाति
बच्चे, बूढ़े ,स्त्रियां और
मासूम
यूक्रेन रूस युद्ध में
कितने कितने हुए गुमसुम
मुरझा गए आकाश कुसुम,
अमेरिका ,यूरोप निर्दयी हो
गए
रूस-यूक्रेन ने युद्ध की आग
में
घी डालकर हवन कर गए।
पाकिस्तान आतंक को
पालकर
हिंसा को अपनी ढाल
बनाकर
अपने ही घर को जलाकर
अब आंसू बहा रहा है,
विदेशों से सहायता मांग कर
अपना घर चला रहा है।
भारत ने बोया पौधा शांति
का
अब दुनिया को देशों को
दे रहा है संदेश
अमन चैन और शांति का।
अब भी संभल जाओ
दुनिया वालों,
आने वाली नस्ल के लिए
एक नन्हा पौधा लगाओ
पृथ्वी पर
अमन चैन और बहाली का
और पाओ फल वैश्विक
खुशहाली का।
कुछ सीख लो
भारतीय वैदिक सनातन
संस्कृति से
और
पा जाओ कुछ
ईश्वर से ऐसा प्रसाद
जो तुम्हें देगा,
एक पैगाम
वृहद सद्गति और शांति का,
फिर कहीं नहीं होगी हिंसा
युद्ध और संताप।
नहीं करना पड़ेगा
मानव जाति को
युद्ध और हिंसा पर पश्चाताप
और मृत्यु का भयानक
संताप,
फिर सब जिएंगे
आत्मसम्मान
और गौरव के साथ,
अमन चैन होगा मासूमों के
हाथ,
अनंत शुभकामनाओं
और खुशहाली के साथ।

**संजीव**

## गणतंत्र से भारतीय नागरिक का वैश्विक संवाद

**विवेक रंजन श्रीवास्तव**

**छब्बीस** जनवरी का दिन था। मैं सुबह सुबह एक आयोजन में जाने को निकला तो एक बुजुर्गवार से भेंट हो गई। उम्र पचहत्तर पार की परिपक्व लग रही थी, पर पूरे चुस्त दुरुस्त दिखे। बोले आज जगह जगह मेरे सम्मान में आयोजन हैं । मैंने अभिवादन में मुस्कराते हुए कहा ह्लअमर रहे गणतंत्र हमाराह्व।

तभी एक मंहगी कार फरार्ती हुई निकली,कार की छत वाली खिड़की से एक ब्रांडेड अर्धनग्न वस्त्रों में सजी संवरी युवा लड़की हाथ हिला कर जश्न मनाती नजर आ रही थी। बाजू से ही एक पुरानी स्कूटी पर तीन सवारियां निकली , इसमें भी एक फटे कपडे. पहने करीब अर्धनग्न महिला अपनी चुनरी में स्वयं को समेटे बैठी,कही जा रही थी,शायद गणतंत्र दिवस के उत्सव में। गणतंत्र ने यह अंतर देखा तो बस मुस्करा कर रह गया ।

बातों बातों में मैने पूछा कहां घूम आए । गणतंत्र बोला, कुछ समय पहले श्रीलंका गया था, वहां के संविधान के चीथड़े बनते राष्ट्रपति भवन के हाल देख लौट आया,फिर अपने साथ ही आजाद हुए पड़ोसी देश का हाल चाल लेने एक दिन बाघा बार्डर से लाहौर चला गया तो देखा वहां जिसकी लाठी उसकी भैंस" वाला संविधान चल निकला है। मिलिट्री राज था वहां।

पूरब की तरफ देखा तो बांग्लादेश में संविधान की धज्जियां उड़ रही थी। प्रधानमंत्री जान बचाकर भागती मिली ।नोबल पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति भी कट्टरपंथियों के हाथों खिलौना बना दिखा ।

वाम का बड़ा नाम सुना था पर पाया कि चीन , उत्तर कोरिया में कौन कब गायब हो जाए, पता ही नहीं चलता । रशिया कभी मार्क्स का वैचारिक केंद्र रहा है किन्तु आज ये हालात हैं कि यूक्रेन और रूस जो कभी एक देश थे , इस कदर भिड़ चुके हैं कि दुनियां त्राहि त्राहि कर रही है।

अमेरिका लोकतंत्र का दम भरता है , किंतु राष्ट्रवाद का ऐसा बुखार वहां चल पड़ा है कि बिना संविधान संशोधन किए ही राष्ट्रपति मनमर्जी से बाई बर्थ नागरिकता की संवैधानिक व्यवस्था ही बदल रहे हैं।

गणतंत्र ने गहरी सांस भरते हुए कहा कि संविधान महज किताब नहीं होता । भाषणों में हवा में किताब लहराने से गणतंत्र की रक्षा नहीं होती । नियमों के परिपालन में ही गणतंत्र का जीवन निहित होता है। गणतंत्र वास्तव में जन साधारण का आचरण और चरित्र है। किताबों में तो बहुत कुछ है, पर उन सद् वाक्यों को जीवन में उतारना होता है।

भारत के सांस्कृतिक जीवन में गीता, गुरु ग्रन्थ साहब और मानस घुली मिली है। भारतीय संविधान के शाश्वत मूल्यों में उदारता,परस्पर सम्मान , आजादी , सहिष्णुता, सदाशयता, सत्य , अभिव्यक्ति जैसे बुनियादी तत्व हमारी संस्कृति से आए हैं, इसीलिए मुझे विश्वास है कि भारत में गणतंत्र अमर है । यह वह देश है जहां राजा राम के एक धोबी की फुसफुहाट पर अपनी रानी को त्याग देने के उदाहरण हैं वरना कितने ही हैं जो हूरों की लालसा में बेखौफ कितनी ही आतंकी हत्याएं कर डालते हैं।

## विचार

# लालाजी का स्वराज चिंतन

**डॉ रामेश्वर मिश्र**

आज हर कोई राष्ट्रवाद और राष्ट्र के विकास की बात कर रहा है। राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देने के लिए हर भारतीय नागरिक तत्पर है और राष्ट्र के विकास से जुड़े मुद्दों पर गंभीरता से राय देते नजर आता है, पर आज हम अपने देश के हितों की वैचारिक रूप से परिचर्चा में हिस्सा मात्र ले रहे हैं। राष्ट्रीय हितों को मूर्त रूप देने वाले कार्यों का क्रियान्वयन एक चुनौती जैसा है। यशस्वी प्रधानमंत्री जी के द्वारा अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें हमारे सहयोग क्या है ? क्या हम अपने राष्ट्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं? हमारे द्वारा क्या स्वदेशी सामानों का पूर्णतया प्रयोग किया जाता है ? क्या हमने दिखावे से इतर राष्ट्र निर्मित संसाधनों के पूर्ण प्रयोग का लक्ष्य बनाया है? आदि अनेक ऐसे प्रश्न है जो आज भी युवा पीढ़ी को सोचने पर विवश कर देंगे क्योंकि आंकड़े हमें चौंकाने वाले हैं। भारतीय सरकार द्वारा मेक इन इंडिया नीति के तहत घरेलू उत्पादन क्षमता को बढ़ाने और घरेलू सामानों के उपयोग को बढ़ाने पर बल दिया जा रहा है, परंतु अभी भी विदेशी व्यापार संतुलन भारत के पक्ष में नहीं है। इन आंकड़ों से मुक्ति पाने के लिए हमारे राष्ट्रीय विचारकों द्वारा स्वदेशी और स्वराज की विचारधारा को अपनाया गया था। स्वदेशी को भारतीय महापुरुषों द्वारा स्वतंत्रता संग्राम की लड़ाई में मजबूत वैचारिक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल किया गया था। इन्हीं महापुरुषों में लाला लाजपत राय का नाम भारतीय इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों में अंकित है। लाला जी का जन्म 28 जनवरी 1865 ईस्वी को पंजाब के मोगा जिले के एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। लालाजी एक महान राष्ट्रवादी और आधुनिक भारत के अग्रणी नेताओं में से एक थे। लालाजी स्वार्थ से रहित देशभक्त, उच्च कोटि के परोपकारी, शिक्षा शास्त्री, धार्मिक सुधारक, सामाजिक कार्यकर्ता और राष्ट्रीय आंदोलन के अग्रणी नेता थे। ह्यमेरे शरीर पर लगा हुआ लाठी का प्रत्येक प्रहार ब्रिटिश साम्राज्य के कफन में कील की तरह सिद्ध होगा, इस भविष्यवाणी के उद्घोष को सुनते ही प्रत्येक भारतवासियों का हृदय लाला जी के प्रति सम्मान से रोमांचित हो जाता है। लाला जी ने स्वतंत्रता की लड़ाई में कुछ आदर्श मूल्य की स्थापना की थी जिसे अपनाकर भारतीय युवा राष्ट्र के विकास का गौरव बन सकता है। लाला जी के राष्ट्र चिंतन का विचार स्वराज और स्वदेशी के वैचारिक मूल्यों के आदर्श में निहित था। लाला जी ने हमेशा राष्ट्रीय विकास और स्वतंत्रता की लड़ाई में देशवासियों से स्वतंत्रता को जीवन का लक्ष्य बनाने की अपील की, लाला जी की दृष्टि में स्वतंत्रता का अर्थ था कि-जनता के सभी वर्गों और मानव जाति के हितों के लिए स्वयं को सम्प्रभुता संपन्न राष्ट्र के रूप में संगठित होने का अधिकार हो। लाला जी के स्वराज्य चिंतन में राष्ट्र में सर्व कल्याण की कामना थी, उनके स्वराज्य में सभी जातियों के कल्याण की कामना थी। लाला जी यह मानते थे कि हर राष्ट्र को अपने आदर्शों को सुनिश्चित करने और कार्यान्वित करने का मूल अधिकार है, लालाजी के स्वराज्य चिंतन में स्वदेशी का समर्थन किया, उन्होंने स्वराज्य के लिए स्वदेशी को आधार मानते हुए कहा कि - स्वदेशी भारत की दुख दरिद्रता को दूर कर सकती है, लालाजी स्वदेशी की भावना का विकास करके देशवासियों में आत्मनिर्भरता, आत्म-सहायता, आत्मबोध एवं आत्मसम्मान की भावना का विकास करना चाहते थे। स्वदेशी आंदोलन के उद्देश्य और महत्व को व्यक्त करते हुए लाला जी ने कहा कि मैं स्वदेशी को अपने देश के उद्धार के लिए एक हथियार समझता हूं, स्वदेशी आंदोलन से हमें यह समझना चाहिए कि हम किस प्रकार से अपनी शिक्षा, अपने साधनों, श्रम शक्ति और अपने प्रतिभा का उपयोग कर सकते हैं। स्वदेशी की भावना हमें जाति धर्म के बंधनों से मुक्ति दिला सकती है, लाला जी की दृष्टि में स्वदेशी संयुक्त भारत का सामान्य धर्म होना चाहिए। लाला जी ने राष्ट्रवाद और स्वराज्य की स्थापना के अभिन्न के रूप में स्वदेशी को स्थापित किया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# प्राकृतिक चिकित्सा और महात्मा गांधी

**नारायण भाई**

**महात्मा** गांधी ने आधुनिक भारतीय इतिहास में राजनीति, दर्शन और सामाजिक सुधार में महत्वपूर्ण और अद्भुत योगदान दिया। इन सबके साथ गाँधी जी को प्राकृतिक चिकित्सा का भी बहुत गहरा ज्ञान था। उन्होंने बड़े पैमाने पर मानव स्वास्थ्य, मानव रोगों और उनके इलाज पर लिखा है और अपने प्राकृतिक चिकित्सा के ज्ञान का प्रयोग भी किया है। गाँधी जी का विचार था कि जिस व्यक्ति के पास स्वस्थ शरीर, स्वस्थ दिमाग और स्वस्थ भावनाएं होती हैं, वही स्वस्थ व्यक्ति होता है। उनका विचार था कि स्वस्थ रहने के लिए केवल शारीरिक शक्ति आवश्यक नहीं है। एक स्वस्थ व्यक्ति को अपने शरीर के बारे में पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। गाँधी जी ने मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण के बीच के संबंधों को समझाया। गाँधी जी का विचार था कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ पाचन आवश्यक है। इस प्रकार, महात्मा गाँधी राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक और आर्थिक विचारों के साथ अपने स्वास्थ्य सम्बन्धी विचारों एवं प्रयोगों के कारण भी अपना एक विशेष महत्व रखते हैं

आधुनिक भारत में प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देने में महात्मा गांधी का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा को प्रचलित करने के लिए उरली काँचन में एक केंद्र की स्थापना की। उन्होंने स्वयं और अपने परिवार के सदस्यों का भी निसर्ग उपचार करके उदाहरण पेश किया । गांधी जी के मन में रोगियों की सेवा सुश्रुषा करने और गरीबों की सेवा करने की उत्कंठा हमेशा बनी रहती थी। कुदरत के निकट रहकर बिताए जाने वाले सादे और सरल जीवन की बहुत कद्र करते थे। ऐसा सादा सरल जीवन जी कर ही उन्होंने स्वास्थ्य के सादे नियम बनाए थे और उन पर अमल भी किया था। शाकाहार और जलाहार में उनकी आस्था थी। इसी कारण से उन्होंने आहार संबंधी अनेक सुधार किए, जिनका आधार व्यक्तिगत प्रयोगों से प्राप्त परिणामों पर था। डॉक्टर लुई कुनै ने प्राकृतिक उपचार पर जो कुछ लिखा है, उससे महात्मा गांधी बहुत अधिक प्रभावित हुए थे।

## मोहन की भगवत का नया अध्याय 'बंधु भाव''

**राकेश अचल**

**मेरी** समझ में आजतक नहीं आया कि ये देश किसकी बात पर भरोसा करे ,आरएसएस प्रमुख डॉ मोहन भगवत की बात पर या प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दस मोदी की बात पर ? दोनों के सुर हर दिन बदल जाते हैं ,ठीक मौसम की तरह। संघ प्रमुख डॉ मोहन भगवत ने गणतंत्र दिवस पर कह दिया कि असली धर्म ' बंधु भाव ' है। अर्थात सनातन या हिन्दू धर्म असली धर्म नहीं रहा ,जिसके लिए ममता कुलकर्णी ने सन्यास लिया और महामंडलेश्वर बनीं।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ) प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के ठाणे में भिवंडी के एक महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस समारोह में तिरंगा फहराने के बाद कहा कि - बंधुभाव ही असली धर्म है। उन्होंने कहा कि यह बात डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर ने संविधान देते समय अपने भाषण में भी समझाई है।भागवत ने कहा- समाज आपसी सद्भावना के आधार पर काम करता है। इसलिए मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए। प्रकृति भी हमें विविधता देती है। विविधता के कारण भारत के बाहर संघर्ष हो रहे हैं। हम इसे जीवन का हिस्सा मानते हैं।उन्होंने कहा कि आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं, लेकिन आपको एक-दूसरे के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। अगर आप जीना चाहते हैं, तो आपको एक साथ रहना चाहिए। मेरी समझ में ये नहीं आता कि जो बात डॉ भागवत देश को समझा रहे हैं वो ही बात वे संघ दीक्षित भाजपा नेताओं और पार्टी कार्यकताओं कि साथ असंघी योगी आदित्यनाथ को क्यों नहीं समझाते ? योगी ही हैं जिन्होंने देश कि हिन्दुओं को ' बँटोगे तो कटोगे ' का सनातन सूत्र दिया है।ये नारा तो बंधु भाव की सोच से मेल ही नहीं खाता। संघ का कोई नारा भाजपा के नारों से मेल नहीं खाता। क्या दोनों में सचमुच कोई तालमेल है ही नहीं या ये सब एकसाजिश है कि -एक आग लगाए और दूसरा आग पर पानी डालने का अभिनय करे।आपको याद होगा कि पिछले दिनों डॉ भागवत ने देशवासियों से असली आजादी 22 जनवरी को मनाने का आव्हान किया था।

# मॉडल संस्कृति स्कूल के प्रांगण में आयोजित हुआ उपमंडल स्तरीय कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़, । उपमंडल स्तरीय** गणतंत्र दिवस समारोह में विधायक ओमप्रकाश यादव ने महेंद्रगढ़ में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। उन्होंने समारोह से पहले शहीद स्मारक पर नमन किया। समारोह में उन्होंने उत्कृष्टद्द कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में पूर्ण स्वराज के लिए लम्बे समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनकी आने वाली पीढियां किसी की गुलाम बनकर न रहे और स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का निर्वहन कर सके। आजादी की लड़ाई में हरियाणा प्रदेश का भी अहम योगदान रहा है। आज भी हरियाणा के नौजवान सेना में भर्ती होना अपनी शान समझते हैं और यहीं कारण की देश की सशस्त्र सेनाओं में हर दसवां सिपाही हरियाणा से है। उन्होंने कहा कि हरियाणा



सद्भाव, सौहार्द, समान विकास, समरसता के साथ-साथ उन बदलावों का साक्षी रहा हैं, जिससे हर आदमी का जीवन सरल, सुगम और सुरक्षित हुआ है। सरकार ने जनसेवा और जनता के बीच दीवार बन चुकी व्यवस्था को न केवल बदलने का काम किया है, बल्कि ऐसी व्यवस्था देने का प्रयास किया है, जिसमें जन-जन को योजनाओं और सेवाओं का लाभ सरल तरीके से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि देश की आजादी से लेकर लम्बे समय तक गरीब कल्याण की बातें तो की जाती रही, लेकिन उनका लाभ पात्र व्यक्ति तक नहीं पहुंच पाया। सरकार ने गांवों के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है। स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश को लाल डोरा मुक्त बनाना व महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर बढाने के लिए एक-तिहाई राशन डिपो महिलाओं को देने का प्रावधान किया है। विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में आज भारत के विकास का अमृत काल चल रह है। आज देश-प्रदेश का युवा शक्ति की पूंजी और ऊर्जा से भरा हुआ है। ऐसी सकारात्मक परिस्थितियां फिर शायद ही हों। आने

**सम्मान**

**▶▶ सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार ने 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज स्थापित किया है**

वाला समय अब सफलता का है। सिद्धि का है। ये भारत का समय है और भारत अब तेजी से आगे बढने वाला है। उन्होंने कहा कि बहन-बेटियों को उच्चतर शिक्षा की सुविधा प्रदान करने के लिए सरकार ने 20 किलोमीटर के दायरे में एक कॉलेज स्थापित किया है। प्रदेश में 76 नए कॉलेज बिना मांग के खोले गए हैं। इनमें आधे से अधिक लड़कियों के हैं। उन्होंने कहा कि देश के गणतंत्र ने देशवासियों को सामाजिक समरसता तथा जनप्रतिनिधित्व का अधिकार दिया है। स्वतंत्रता के बाद से ही भारत दुनिया में एक बड़ी ताकत के तौर पर अपनी पहचान बनाने में कामयाब रहा है। इसका श्रेय हमारे उन राजनेताओं, यहां के कर्मठ किसान-मजदूरों, कारीगरों तथा साईंसदानों को जाता है जिन्होंने दिन-रात एक करके इस देश को विकास की गति प्रदान की। आज हमारा भारत देश प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चंहुमुखी प्रगति कर रहा है। मुख्य अतिथि ओमप्रकाश यादव ने समारोह में शामिल हुए स्वतंत्रता सेनानियों व शहीद सैनिकों के परिजनों, युद्ध वीरांगनाओं, सेना मेडल धारकों को शाल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपमंडल के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने मनमोहक साँस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

जिनमे आरपीएस स्कूल, बीजेआरडी स्कूल, ओम साईं राम स्कूल, यदुवंशी स्कूल, बचपन प्ले स्कूल, गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल, गवर्नमेंट गर्ल्स स्कूल, एसपीजी स्कूल व मॉडर्न स्कूल शामिल हैं। इससे पहले पुलिस विभाग और स्कूल, कॉलेज की एनसीसी की टुकड़ियों ने मार्चपास्ट कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी।

# गणतंत्र दिवस देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए देता है साहस-प्रेरणा : जगमोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। विधायक जगमोहन** आनंद ने कहा कि आज हम 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं जो सौभाग्य की बात है। आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला है। विधायक ने इस अवसर पर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन किया और कहा कि गणतंत्र दिवस देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढने.के लिए साहस और प्रेरणा देता है। पूरे देश में हमारा संविधान-हमारा अभियान कार्यक्रम चलाया जा रहा है। हाल ही में प्रदेश में सामूहिक संविधान प्रस्तावना वाचन का आयोजन किया गया। जो पवित्र संविधान के प्रति सरकार की सच्ची आस्था व निष्ठा को दशार्ता है। यह युवा पीढ़ी को संविधान की मूल भावना से अवगत करवाने की एक अनूठी पहल है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व



में देश की आजादी के बाद पहली बार व्यापक स्तर पर की गई है। उन्होंने कहा कि आज हम उन महापुरुषों को याद करते हैं, जिन्होंने भारत को स्वतंत्रता दिलाने और भारतीय संविधान को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्रशेखर आजाद और उधम सिंह जैसे अनेक स्वतंत्रता सेनानियों ने लंबा संघर्ष किया। विधायक जगमोहन आनंद आज नई अनाज मंडी घरौंडा में गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराने के उपरांत उपमंडल वासियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हम संविधान में दिए गए जिन हकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे डा. अंबेडकर जी की ही देन है। वोट देने का जो अधिकार आज देश में किसी अमीर को है, वही अधिकार एक गरीब व्यक्ति को भी है। हमारे संविधान में समाज के कमजोर वर्गो पिछड़े लोगों और अनुसूचित जाति के लोगों के उत्थान के लिए जो व्यवस्थाएं की है वह भी बाबा साहेब की देन है। उन्होंने भारत के संविधान का मसौदा तैयार करते समय ऐसे भारत की कल्पना की थी, जहां सभी लोग खुश हो।

# मुख्यमंत्री ने चंडीगढ से जिले के 19 क्रैच सैंटरों सहित 324 क्रैच सैंटरों का को किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन)**

**महिला एवं बाल** विकास विभाग के तत्वाधान में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश भर के 324 क्रैच सैंटर का मुख्यमंत्री नायब सिंह ने सोमवार को चंडीगढ से ऑन लाईन उद्घाटन किया। उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि इन क्रैच सैंटरों में 19 क्रैच सैंटर पानीपत के है। उपायुक्त ने कहा कि इन क्रैच सैंटरों को शिशु गृह भी कह सकते हैं। यहां बच्चों की घर की तरह परवरिस होती है। उपायुक्त ने महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिये की बच्चों को हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराये इसमें किसी भी प्रकार की कोताही ना बरते। उद्घाटन की इस कड़ी में सोमवार को समालखा के वार्ड 7 के क्रैच



सैंटर का उद्घाटन करते हुए एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि इन क्रैच सैंटरों में कामकाजी माताओं के बच्चों के लिए देखभाल की जाती है वे ये सभी केंद्र पर सुविधाओं उपलब्ध कराई जाती है। नगराधीश टीनू पोसवाल ने जाटल रोड़ स्थित क्रैच सैंटर का उदघाटन करते हुए कहा कि ये क्रैच सेंटर शिशुओं के लिए लाभदायी है। यहां बच्चों को उनके समग्र विकास के लिए प्रेरक व शानदार वातावरण मिलता है। इन क्रैच सेंटरों में बच्चों को हर प्रकार की सुविधा का ध्यान रखा जाता है। उन्होंने क्रैच सैंटर का मुवायना भी किया व कुछ जरूरी दिशानिर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि यहां बच्चों को प्रारंभिक प्रोत्साहन और प्री-स्कूल शिक्षा दी जाती है। बच्चों के शारीरिक, संज्ञानात्मक, सामाजिक और भावनात्मक विकास पर पूरा ध्यान दिया जाता है।

# युवा भी डिप्लोमा करने के बाद कीटनाशक बेचने संबंधित लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे

**पानीपत, (कमाल हुसैन )**

**कृषि विभाग के उपनिदेशक** डॉ. आत्माराम गोदारा ने जानकारी देते हुए बताया कि अब दसवी पास युवा भी डिप्लोमा करने के बाद बीज, खाद व कीटनाशक बेचने संबंधित लाइसेंस प्राप्त कर सकेंगे। क्योकि हरियाणा एग्रीकल्चर मैनेजमेंट एक्सटेंशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट (हमेटी), जीन्द तथा मैंनेज, हैदराबाद द्वारा 10वीं पास युवाओं को जिला स्तर पर डिप्लोमा इन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन सर्विसेज फॉर इनपुट डीलर (डेसी) करवाया जा रहा है। जिसकी फीस 20,000 रुपए व कोर्स अवधि 48 सप्ताह (केवल 48 शनिवार या रविवार) होगी। उन्होंने बताया की उक्त डिप्लोमा धारक भारत के किसी भी राज्य में, कृषि विभाग से वैध लाइसेंस प्राप्त करके खाद, बीज व कीटनाशक का व्यापार करके रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

# दुकान में चोरी करने के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**



**महेंद्रगढ़ । चोरी की** वारदातों को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए थाना शहर महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम ने किरयाणे की दुकान से नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है, गिरफ्तार आरोपित की पहचान मोहित वासी मौहल्ला वाल्मीकि महेंद्रगढ़ के रूप में हुई है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपित से सख्ती से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शिकायतकर्ता साहिल वासी गांव ने थाना शहर महेंद्रगढ़ में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी किराणा की दुकान सतनाली रोड पर है, जो कि दिनांक 23.01.25 को रात में लगभग 9 बजे वह दुकान बढ़ा कर घ? पर चला गया था। अगले दिन वह सुबह 6 बजे दुकान पर गया तो उसकी दुकान का कैमरा टूटा पड़ा मिला, उसने दुकान खोल कर देखा तो अन्दर का सामान बिखरा हुआ मिला और गल्ले का ताला टूटा हुआ था। शिकायतकर्ता ने देखा मंदिर और गल्ले में पैसे नही मिले। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## संक्षिप्त खबरें

### सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने 2 ग्राम 69 मिलीग्राम नशीला पदार्थ स्मैक किया बरामद

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । पुलिस अधीक्षक** पूजा वशिष्ठ ने सभी थाना प्रबंधकों, चौकीइंचार्जों को नशीले पदार्थ बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। एसपी के नेतृत्व में जिला महेंद्रगढ़ को नशा मुक्त करने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सीआईए महेंद्रगढ़ की टीम ने नशीले पदार्थ के मामले में एक आरोपित को काबू किया है। पुलिस ने नशीले पदार्थ सहित आरोपित प्रदीप उर्फ पडदा वासी मौहल्ला खटीकान महेंद्रगढ़ को काबू किया। पुलिस ने मौके से करीब 2 ग्राम 69 मिलीग्राम स्मैक बरामद की। आरोपित के खिलाफ थाना सदर महेंद्रगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि सीआईए महेंद्रगढ़ की पुलिस टीम गश्त के बस अड्डा बुचावास के पास मौजूद थी, टीम को गुप्त सूचना मिली कि प्रदीप उर्फ पडदा वासी मौहल्ला खटीकान महेंद्रगढ़, कहीं से स्मैक लेकर बुचावास रेलवे स्टेशन से नांगल हरनाथ की तरफ जाएगा, अगर नहर के पुलिया के पास नाका बन्दी की जाए तो स्मैक सहित काबू आ सकता है। टीम द्वारा बतलाए हुए स्थान पर नाकाबंदी की गई, कुछ समय बाद एक नौजवान युवक आता हुआ दिखाई दिया, जिसको काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम प्रदीप उपरोक्त बतलाया। जिसके पास से नशीला पदार्थ स्मैक बरामद हुआ। पुलिस ने मादक पदार्थ को जब्त कर लिया और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### सब्जी मंडी में मिला युवक का शव

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुरानी सब्जी मंडी** में पुलिस चौकी के पास एक युवक का शव पड़ा मिला। मृतक की पहचान राजू के रूप में हुई है, जो मंडी में पानी के कैंपर भरने और छोटे-मोटे काम करता था। घटना की सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए करनाल मोर्चरी हाउस में रखवा दिया है। अभी मौत के कारणों का खुलासा नहीं हुआ है। अपना आशियाना संस्था के सदस्य राजकुमार व अन्नु मदान के अनुसार राजू रोज की तरह सुबह छह बजे उठा। उसने मंडी के दुकानों पर पानी के कैंपर भरे और फिर एक दुकान के बाहर लस्सी पी। सब कुछ नॉर्मल था, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी सांसें थम गईं। लोगों ने बताया कि राजू करीब तीन साल से इस इलाके में रह रहा था। वह गरीब था और अकेलेपन में जी रहा था। खाने के लिए दुकानदार या राहगीर उसे कुछ दे देते थे। उसके पास ना घर था, ना परिवार और ना ही कोई सहारा। लोगों का कहना था कि राजू की मौत अचानक हुई, जिससे सभी हैरान हैं। कुछ लोगों ने कहा कि उसकी तबीयत अक्सर खराब रहती थी। हो सकता है कि उसकी मौत ठंड के कारण हुई हो, लेकिन यह तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही साफ हो पाएगा। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। इसके साथ ही श्अपना आशियानाश की टीम भी वहां पहुंच गई। अपना आशियाना से अन्नू मदान ने बताया कि राजू की मौत इस बात की ओर इशारा करती है कि हमारे समाज में ऐसे कितने ही लोग हैं, जो बुनियादी सुविधाओं के बिना जी रहे हैं। वह पानी भरने का काम करके अपना गुजारा करता था। खाने और सोने के लिए वह दूसरों पर निर्भर था। ऐसे लोगों को समाज की मदद की जरूरत है। सिटी थाना एसएचओ प्रवीन कुमार ने बताया कि शव गांधी जूस कॉर्नर के पास पड़ा मिला। मृतक की पहचान तो हो गई है, लेकिन उसके पते या परिवार का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# सोहटी वासियो ने की 100-100 के प्लाट दिलाने की माँग

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**खरखौदा के गांव सोहटी** के ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत हुए सर्वे में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए उपायुक्त को शिकायत दी है। ग्रामीणों का कहना है कि योजना के तहत उन परिवारों को 100 वर्ग गज के प्लाट दिए जाने का प्रावधान है। जिनकी फैमिली आईडी में आय 1.80 लाख रुपये से कम है। इसके बाद भी उन्हें हाल ही में हुए ड्रा में प्लाट नहीं मिले हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हाल ही में विभाग द्वारा किए गए सर्वे में कई योग्य लोगों को अयोग्य दिखा दिया गया। जबकि ऐसे लोगों को योग्य माना गया। जिनके पहले से पक्के मकान हैं या जिन्होंने पहले ही इस योजना का लाभ ले लिया है। शिकायत में कहा गया कि चौकीदार द्वारा मुनादी के दौरान केवल उन्हीं लोगों को ड्रा के लिए लेकर चलने को कहा गया। जिन्हें ड्रा में शामिल किया गया था। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच करवाई जाए और सर्वे दोबारा किया जाए। साथ ही जो गरीब इस योजना के वास्तविक हकदार हैं। उन्हें इसका लाभ दिया जाए। शिकायत में ग्राम सचिव और संबंधित कर्मचारियों पर भ्रष्टाचार के आरोप भी लगाए गए हैं। ग्रामीण इससे पहले विधायक, खरखौदा से मिलकर भी अपनी समस्या उनके समक्ष रख चुके हैं। इसी प्रकार की समस्या को लेकर सोहटी गांव के ग्रामीण सोमवार को एसडीएम डा. निर्मल नागर से मिले और पंचायत द्वारा करवाए गए सर्वे में उन्हें प्लाट देने वालों की लिस्ट से बाहर कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए जांच करवाने की मांग की, अनीश खान, कमलेश, अंग्रेजो, राजेश, सरोज देवी,मूर्ति देवी, ईश्वर सिह, अशोक आदि ने मांगपत्र देकर उन्हें भी प्लाट देने के लिए होने वाले सर्वे में शामिल करने की मांग की है।

# धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस समारोह

## महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । कनीना के पितामह** कान्ह सिंह राजकीय महाविद्यालय कनीना में आयोजित उप मंडल स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह में महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह ने बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके साथ ही उन्होंने परेड का निरीक्षण किया तथा मार्च पास्ट की सलामी ली। समारोह को भव्य रूप देने के लिए स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। बच्चों ने पीटी शो का भी प्रदर्शन किया। महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह ने अपने संबोधन में 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज मैं स्वतंत्रता संग्राम के अमर सेनानियों को भी नमन करता हूं, जिनके अमर बलिदानों से हमें गणतंत्र दिवस मनाने का यह गौरवशाली अवसर प्राप्त हुआ है। मैं बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन



करता हूं, जिनकी बदौलत ही भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र व गणराज्य देश कहलाता है। आज हम संविधान में दिए गए जिन हकों का इस्तेमाल कर रहे हैं, वे डा. अंबेडकर जी की ही देन है। आज का यह ऐतिहासिक दिन देशवासियों को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में आगे बढ़ने के लिए साहस और प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लाला लाजपतराय, सरदार बल्लभ भाई पटेल, डा. राजेन्द्र प्रसाद, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरूषों और स्वतंत्रता सेनानियों ने कड़ा संघर्ष किया। शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव, चंद्र शेखर आजाद और उधम सिंह जैसे क्रांतिकारियों के बलिदानों के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों ने भारत में "पूर्ण स्वराज" के लिए लम्बे समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकि उनकी आने वाली पीढ़ियां किसी की गुलाम बनकर न रहे और स्वतंत्र रूप से अपने अधिकारों का निर्वहन कर सके। प्रदेश के विद्यार्थियों के लिए ई-लर्निंग पहल गूगल ड्राइव के माध्यम से टच स्क्रीन पी.डी.एफ. फाइल-आधारित एक्सेस के साथ, ई-कंटेंट प्लेटफॉर्म पर सभी पाठ्यक्रमों की अध्ययन सामग्री उपलब्ध करवाई गई है। वर्ष 2021-22 में उच्च शिक्षा में राज्यवार सकल (कुल) नामांकन अनुपात 33.3 प्रतिशत है। नई शिक्षा नीति का एक लक्ष्य वर्ष 2030 तक उच्चतर शिक्षा में लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात प्रतिशत से अधिक करना है। इस दिशा में भी हरियाणा प्रदेश काफी आगे है। हमारे यहां लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात 33.3 प्रतिशत है। हम 2030 से बहुत पहले ही 50 प्रतिशत के लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे।

# गणतंत्र दिवस समारोह में कृषि मंत्री राणा ने फहराया तिरंगा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस** लाईन के परेड ग्राउंड में 76वें गणतंत्र दिवस समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, पशुपालन एवं डेयरी तथा मत्स्य विभाग के मंत्री श्याम सिंह राणा ने तिरंगा फहराया और परेड का निरीक्षण किया। इससे पूर्व कृषि मंत्री करनाल में स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचे और वीर शहीदों को नमन किया व पुष्पचक्र भेंट करके श्रद्धांजलि दी। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने समस्त प्रदेश व करनाल वासियों को 76वें गणतंत्र दिवस की बधाई दी। इसके साथ-साथ उन्होंने शहीदों के परिवारजनों को सम्मानित भी किया। उन्होंने कहा कि 75 वर्ष पहले सन 1950 में आज ही के दिन हमारा



संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। उन्होंने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन किया और कहा कि उनकी बदौलत ही भारत आज विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र व गणराज्य देश कहलाता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र स्वाभिमान के मौके पर हम सभी देशवासी वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लें, ताकि हमारा भारत एक बार फिर वहीं भारत बन सके जिसके गौरव व वैभव की कहानियां सुनते आए हैं। उन्होंने सभी लोगों को स्वच्छता, अच्छा स्वास्थ्य व खुशहाली का भी संकल्प लेने का आह्वान किया।

**सबका साथ-सबका विकास के मूलमंत्र पर चल रही सरकार**

कृषि मंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ-सबका विकास और हरियाणा एक-हरियाणवी एक के मूलमंत्र पर चलते हुए समस्त हरियाणा और प्रत्येक हरियाणवी की तरक्की और उत्थान के लिए निरंतर कार्य किया है। आज हर सरकारी योजना के पारदर्शी तरीके से लागू किए जाने से घर बैठे विभिन्न योजनाओं के लाभ सीधे पात्र व्यक्ति के खाते में जाता है। सरकार ने कृषि, उद्योग, व्यापार, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि हर क्षेत्र में भी ई-गवर्नेंस के माध्यम से क्रांतिकारी बदलाव किए हैं। परिवार पहचान पत्र के डेटा से विभिन्न योजनाओं का लाभ लोगों को घर बैठे मिल रहा है, उसी प्रकार, कृषि क्षेत्र में मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल बनाकर किसान कल्याण की अनेक योजनाओं को इससे जोड़ा गया है।

**शत प्रतिशत फसलों की एमएसपी पर की जा रही खरीद**

श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014-15 में खाद्यान्न उत्पादन 153.54 लाख टन था, जो कि वर्ष 2023-24 में बढकर 208.80 लाख टन हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिसंबर 2018 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आरंभ की गई थी, जिसके अन्तर्गत साल में तीन बार 2000-2000 रुपये की तीन किस्त किसान परिवार को उपलब्ध करवाई जाती है। हरियाणा के किसानों की शत प्रतिशत फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने गांवों के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है।

# आंगनवाड़ी क्रैच केंद्रों का किया गया शुभारम्भ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़ । महिला में** बाल विकास विभाग द्वारा जिला परियोजना अधिकारी संगीता यादव के मार्गदर्शन में आज खंड महेंद्रगढ़ के वार्ड नंबर 8 व 10 में आंगनबाड़ी क्रैच केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में वार्ड नंबर 8 में महेंद्रगढ़ विधायक कंवर सिंह यादव ने वह वार्ड नंबर 10 में पार्षद श्रीमति सीमा सैनी व निखिल चनेजा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने रिबन काटकर आंगनबाड़ी क्रैच का शुभारंभ



किया। कार्यक्रम में सुपरवाइजर अनीता यादव व नीतू यादव ने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा कामकाजी महिलाओं के 6 माह से 6 वर्ष तक के बच्चों के विकास व महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए यह अहम कदम उठाया गया है।इस मौके पर सुपरवाइजर राजबाला, किरण सुनीता, सुमन, सहायक संदीप के अलावा अन्य महिलाएं मौजूद थीं।

# अम्बेडकर की प्रतिमा को बर्बरतापूर्ण तरीके से तोड़ना चिंताजनकः यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः दिल्ली प्रदेश** कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव के नेतृत्व में पंजाब के अमृतसर में संविधान निमार्ता बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति के साथ छेड़छाड़ और उसे नष्ट करने की कोशिश करने के विरोध में आज दिल्ली की सभी 70 विधानसभाओं में हजारों कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंडल लाईट मार्च निकाला।
देवेन्द्र यादव बादली विधानसभा के सी.डी. ब्लॉक जहांगीरपुरी मैन रोड़ पर आयोजित कैंडल मार्च में शामिल हुए। कांग्रेस कार्यकर्ता अरविन्द केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के खिलाफ नारे लगा रहे थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि गणतंत्र दिवस पर धर्म नगरी अमृतसर में अम्बेडकर जी मूर्ति





के ऐसी हरकत को पंजाब सरकार की नाक के नीचे सार्वजनिक रुप अंजाम दिया जा रहा था, ऐसे वक्त आम आदमी पार्टी की सरकार पूरी तरह पंगु दिखाई पड़ी। डॉ.अम्बेडकर की मूर्ति के साथ ऐसा दुर्व्यवहार और देश में बने ऐसे हालात चिंताजनक हैं। अम्बेडकर जी की मूर्ति स्वर्ण मंदिर की ओर जाने वाली हेरिटेज स्ट्रीट पर टाउन हॉल में है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अम्बेडकर की मूर्ति पर हमला, एक विचारधारा पर हमला है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार है, जहां पुलिस पूरी तरह से पहले से ही नकारा सिद्ध हुई है और गणतंत्र दिवस के दिन हमने देखा कि कैसे एक व्यक्ति सीढ़ी लगाकर अम्बेडकर जी की मूर्ति पर चढ़कर हथोड़े से तोड़ रहा है और संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर संविधान की कॉपी भी जलाई गई, जो सीधा संविधान पर भी हमला है।

# विजय की ओर बढ़ रहे हैं भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटियाः मित्तल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** भाजपा नेता अमित मित्तल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है। आज जो आप देश में विकास की बयार देख रहे है, इसका श्रेय केवल भारतीय जनता पार्टी को ही जाता है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भाजपा का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता इस बार पूर्ण रूप से भाजपा के फेवर में है, हम जहां पर भी जा रहे है, जनता भाजपा



के समर्थन में वोट करने की बात कर रही है। क्योंकि भाजपा जो कहती है। वह करके दिखाती है। उन्होंने आगे बताया कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में इस बार भाजपा का परचम लहरायेगा और भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया भारी मतों से विजयी होगें।



मॉडल टाउन विधानसभा प्रत्याशी अशोक गोयल के समर्थन में मोजी वाला बाग में नुक्कड़ सभा को सम्बोधित करते हुए निगम पार्षद व केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन सुशील जोंटी साथ में है अशोक गोयल की धर्मपत्नी संगीता गोयल व अन्य।

# एडम डेवलपमेंट एक्शन समिति ने मनाया गणतंत्र दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः गौतम कॉलोनी,** नरेला की एक संस्था "एडम डेवलपमेंट एक्टिव मिशन सोसाइटी" ने अपने बैनर के नीचे नरेला क्षेत्र में गणतंत्र दिवस श्रमिक कुंज में धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पीपल्स फ्रंट, दिल्ली के अध्यक्ष कॉमरेड नरेश गुप्ता रहे। अन्य विशेष अतिथियों में शिक्षाविद एवं मशहूर गजलकार आशीष सिंह 'कासिद', कलमकार राजव्रत, युवा क्रांतिकारी नेता सुरेंद्र पांचाल, चर्च की महिला प्रचारक रीना रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन समिति के प्रमुख पादरी अमर सिंह ने किया। इस अवसर पर हनोक की कल्चरल टीम ने देशभक्ति के गीतों पर





बेमिसाल प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। आशीष सिंहा ने सच्चाई के लिए देश पर कुर्बान होने वाली गजल पड़ी जिस पर सभी ने तालियां बजाई। सुरेंद्र पांचाल ने देश में फैले झूठे आडंबरों से सचेत रहने की बात की। राजव्रत ने लोगों में जन जागृति की भावना भरने के लिए गीतों के स्वर बदलने की बात की और मौजूदा व्यवस्था पर गणतंत्र की तस्वीर प्रस्तुत की। रीना ने समाज के प्रति महिलाओं की जागरूकता ही अपील की। अंत में नरेश गुप्ता ने मौजूदा व्यवस्था में बदलाव लाना ही असली गणतंत्र बताया, महिलाओं की गुलामी उनके समाज में फैले नशे की कुरीतियों हैं उनके विरुद्ध एकजुट होकर लड़ने का आह्वान किया। पादरी अमर सिंह ने सभी उपस्थित नागरिकों बच्चों को शुभकामनाओं के साथ धन्यवाद दिया।

# सभी मतदान अवश्य ही करें और अच्छे प्रत्याशी को चुनेः संजय राघव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः भारतीय** किसान यूनियन भानू दिल्ली प्रदेश के प्रमुख महासचिव संजय राघव ने कहा कि सभी मतदान करें और हमेशा ही अच्छे प्रत्याशी का चयन करें, जिससे की आपके शहर में अच्छा माहौल बना रहे और आपके शहर और क्षेत्र का सुधार हो सके। क्षेत्र में विकास हो सके। संजय राघव ने आगे बताया कि आप सभी चुनाव वाले दिन समय निकालकर अवश्य ही मतदान करें और एक जागरूक नागरिक बनते हुए एक अच्छे व्यक्ति का चयन करें। उन्होंने आगे बताया कि साथ ही मैं सभी से अपील करना चाहिए हूं कि



हमेशा ही गरीब व निर्धन तबके की मदद करें और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान करें। जो बहुत ही ज्यादा जरूरी है। उन्होंने कहा कि सभी हमेशा ही देशहित में कार्य करें। क्योंकि पहले देश है फिर कुछ और होता है।

# रोहिणी में भाजपा प्रत्याशी विजेन्द्र गुप्ता का हुआ स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः गणतंत्र दिवस** के शुभ अवसर पर रोहिणी फेडरेशन ऑफ सी.जी.एच.एस एवं अखिल रोहिणी जाट सभा द्वारा संयुक्त रूप से एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर, रोहिणी से भाजपा प्रत्याशी विजेन्द्र गुप्ता का शानदार स्वागत किया गया और आगामी चुनावों में जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। यह कार्यक्रम सांवरिया टेंट, जापानी पार्क, सैक्टर-10, रोहिणी में आयोजित किया गया। जिसमें लगभग एक हजार से भी अधिक व्यक्ति सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विशेष सहयोग



के लिए विजेंद्र गुप्ता और अनुराग ठाकुर द्वारा ब्रोघर रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड से डॉ. अक्षय कुमार, श्री बांके बिहारी कैटरर्स से जीवन अरोड़ा एवं सांवरिया टेंट से अभिषेक जैन और नरेश शर्मा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। रोहिणी फेडरेशन ऑफ सी.जी.एच.एस से ओ.पी. मल्होत्रा, आर्य मुनि, डा. एस.एल. सागर, नेपाल सिंह, प्रदीप हंस, करमबीर खत्री, हर्ष जिन्दगर, रामावतार नैय्यर, ज्योति शर्मा, नीरज ढींगरा, राजबीर राणा, विक्रम ठाकरान, राजेंद्र शर्मा, गजेंद्र यादव, सतीश सागर, संगीता शर्मा और डॉली मुटरेजा उपस्थित रहे। रोहिणी जाट सभा से आर्य मुनि, करमबीर खत्री, निर्मला चहल और राजेश छिल्लर सहित कई लोग उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यों से खुश हैं लोगः राम रतन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के प्रसिद्व समाजसेवी राम रतन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास ही विकास किया है। यही कारण है देश के लोग भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जहां एक ओर शहरों की स्थिति में सुधार किया है। वही ग्रामीण क्षेत्रों की स्थिति में सुधार हुआ है। जिससे लोग काफी ज्यादा खुश है। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा के राज में देश की अर्थव्यवस्था में भी काफी सुधार हुआ है। जिससे लोग भारतीय जनता पार्टी के राज



से काफी ज्यादा खुश है। समाजसेवी राम रतन ने कहा कि सेवा से बड़ा कोई भी कार्य नहीं होता है। इसलिए को समाजसेवा के क्षेत्र में आगे आना चाहिए और जरूरतमंद व निर्धन तबके की सहायता करनी चाहिए।

# 'माँ हंसवाहिनी साहित्यिक मंच' ने किया काव्य संध्या का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** 76वें गणतंत्र दिवस पर मां हंसवाहिनी साहित्यिक मंच द्वारा साहित्यकार जगदीश मीणा के निवास पर वसुंधरा गाजियाबाद में एक बेहद खूबसूरत काव्य संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्ष रहीं अंतरराष्ट्रीय कवयित्री डॉ रमा सिंह, मुख्य अतिथि रहे। वरिष्ठ कवि प्रेम सागर 'प्रेम' एवं विशिष्ट अतिथि की भूमिका में टू मीडिया के संस्थापक डॉ ओमप्रकाश प्रजापति की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शानदार संचालन किया संस्था की उपाध्यक्ष ममता लड़ीवाल ने। जिसके संचालन में दिल्ली एनसीआर के 20 कवियों ने माँ भारती की आराधना की। कार्यक्रम की शुरूआत मंचस्थ






अतिथियों द्वारा माँ शारदे के आगे दीप प्रज्वलित कर हुई, माँ शारदे की मधुर वन्दना की कवयित्री पूजा श्रीवास्तव ने की। तत्पश्चात संस्था के अध्यक्ष जगदीश मीणा, उपाध्यक्ष ममता लड़ीवाल, महासचिव डॉ मनोज कामदेव एवं कोषाध्यक्ष शोभा सचान द्वारा सभी मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण एवं शॉल ओढ़ा कर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। उपस्थित सभी कवियों का भी तिरंगा पटका पहना कर स्वागत किया। कवि गोपाल गुप्ता ने राम जी पर उत्कृष्ट रचना पढ़ कर कार्यक्रम का आगाज किया, कवि बृज माहिर जी ने माँ भारती की आराधना करते हुए कहा कि सभी को जीत के प्रति आशान्वित होना चाहिए, पूनम मल्होत्रा ने सैनिकों को समर्पित रचना पढ़ी, ज्ञानेन्द्र शर्मा ने बहुत ही अच्छा गीत मधुर स्वर में पढ़ के कार्यक्रम के स्तर को और ऊँचा उठाया, दीपिका वल्दिया जी ने गीता पर आधारित रचना पढ़ी, फैज बदायूनी ने अपनी रचना में कहा कि वतन पर जान देने का हक सभी को है, फिर सभी के आग्रह पर उन्होंने राम जी पर भी गीत पढ़ा, उर्वी ऊदल ने बहुत अच्छा गीत पढ़ा, नीरज नयन 'नायाब' ने अपनी गजलों से महफिल ही लूट ली, हुमा खातून ने धर्म आधरित नफरत पर कटाक्ष करते हुए रचना पढ़ी।

# हाई कोर्ट ने तीन छात्रों की मौत मामले में दिल्ली नगर निगम को लगाई फटकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली हाई** कोर्ट ने ओल्ड राजेंद्र नगर इलाके में राउस आईएएस स्टडी सर्कल में जलसैलाब से हुई तीन छात्रों की मौत के मामले में दिल्ली नगर निगम को फटकार लगाई है। चीफ जस्टिस डीके पाठक की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिल्ली नगर निगम के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की स्टेटस रिपोर्ट तलब की है। हाई कोर्ट ने इस बात पर गौर किया कि सीबीआई इस मामले में अधिकारियों के आपराधिक व्यवहार की जांच कर रही है। सुनवाई के दौरान सीबीआई ने




कहा कि वह जल्द ही इस मामले में तीन अधिकारियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करेगी। सीबीआई ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के अधिकारियों के खिलाफ मुकदमा चलाने के लिए उचित प्राधिकार से अनुमति अभी तक नहीं मिली है। हाई कोर्ट ने 02 अगस्त 2024 को छात्रों की मौत की सीबीआई जांच का आदेश दिया था। हाई कोर्ट ने कहा था कि ये एक सच्चाई है कि दिल्ली के नगर निकायों के पास इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए धन नहीं है।

# ट्रांसजेंडर राजन सिंह की जान को कोई खतरा नहीः दिल्ली पुलिस

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली पुलिस ने कहा है कि दिल्ली के कालकाजी सीट से विधानसभा का चुनाव लड़ रहे ट्रांसजेंडर राजन सिंह की जान को कोई खतरा नहीं है। दिल्ली पुलिस ने ये सूचना दिल्ली हाई कोर्ट को दी। दिल्ली पुलिस की इस सूचना के बाद हाई कोर्ट ने राजन सिंह की सुरक्षा की मांग वाली याचिका का निस्तारण कर दिया। सुनवाई के दौरान राजन सिंह की ओर से पेश वकील सुभाष चंद्र बुद्धिराजा ने कहा था कि याचिकाकर्ता दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ रहा है और उसकी जान को खतरा है। याचिकाकर्ता ने कालकाजी विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल किया है। याचिका में कहा गया था कि विरोधी दल के कुछ उम्मीदवार की ओर से याचिकाकर्ता को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। ऐसे में उसकी जान को खतरा है और उसे पुलिस सुरक्षा की जरूरत है। याचिका में कहा गया था कि याचिकाकर्ता जब 15 जनवरी को तुगलकाबाद एक्सटेंशन के निवार्ची अधिकारी से मतदाता प्रमाण पत्र लेने गया था, उस समय विरोधी दलों के कुछ शरारती तत्व उसके नजदीक आए और याचिकाकर्ता के हाथों से मतदाता प्रमाण पत्र छीनकर फाड़ दिया। शरारतीतत्वों ने याचिकाकर्ता को जान से मारने की धमकी दी।

# अंबेडकर जी का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तानः आदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः गणतंत्र दिवस** 26 जनवरी के अहम और महत्त्वपूर्ण दिन पर पंजाब के अमृतसर में एक व्यक्ति द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जी की मूर्ति को खंडित करने के लेकर मचे बवाल में पंजाब में सरकार चला रही आम आदमी पार्टी सवालों के कटघरे में आ गई है। इस मुद्दे पर करावल नगर जिला कांग्रेस ने भी धरना प्रदर्शन किया और कैंडल मार्च निकालकर रोष प्रकट किया। करावल नगर जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आदेश भारद्वाज ने कहा कि जिस तरह से



26 जनवरी जैसे संवेदनशील दिन बाबा साहेब जी की मूर्ति को खंडित कर दिया जाता है और केजरीवाल जी चुप रहते हैं तो एक नहीं कई सवाल खड़े होते हैं। दिल्ली में बार-बार कानून व्यवस्था की दुहाई देने वाले केजरीवाल जी की आम आदमी पार्टी द्वारा शासित पंजाब में इस घटना का होना यह बताता है कि आम आदमी पार्टी पूरी तरह से नाकाम फेल और नाकाम पार्टी है। क्योंकि जिस जगह यह घटना होती है वह घटना पुलिस थाने से मात्र 150 मीटर की दूरी पर हेरिटेज स्ट्रीट की बताई जा रही है। आदेश भारद्वाज ने आगे कहा आम आदमी पार्टी और भाजपा दोनों ही बाबा साहेब के विचारों से नफरत करती रही हैं। अभी कुछ दिनों पूर्व गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबा साहेब जी का अपमान किया था तो भी केजरीवाल चुप्पी साधे बैठे थे। यह दोनों ही दल संविधान और बाबा साहेब जी पर हर बार हमला करते रहे हैं। बाबा साहेब की मूर्ति पर हमला करना उनके विचारों पर हमला करना है। और इस देश के करोड़ों लोगों की भावनाओं को आहत करने जैसा है।
एकता और समानता की बात करने वाले हमारे संविधान की रचना करने वाले बाबा साहेब पर हमला कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं कर सकती।

# आप व भाजपा ने किया लोगों को गुमराहः खन्ना ढिकोलिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष खन्ना ढिकोलिया ने कहा कि आम आदमी पार्टी और भाजपा ने कर्मचारियों को केवल गुमराह करने का कार्य किया है। भाजपा की एमसीडी में सरकार रही, आम आदमी पार्टी की भी एमसीडी में सरकार रही, लेकिन दोनों की पार्टियों ने कर्मचारियो के हित में ध्यान नहीं दिया। न ही कर्मचारी को पक्का करने का पर जोर दिया गया। हमारी कई मांगें थी जो केवल मांगे ही बन कर रह गई। दोनों की पार्टियों ने एमसीडी में ध्यान नहीं दिया। इसलिए मैं वाल्मीकि समाज से अपील करता



हूं आप सभी अपना कीमती वोट कांग्रेस को दें। क्योंकि कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है, कांग्रेस पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। ऑल इंडिया वाल्मीकि यूथ फ्रंट कांग्रेस का समर्थन करती है।

## न्यूज फ्लैश

### बदमाशों ने पेट्रोल छिडक कर शराब के ठेके को लगाई आग

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के देवीपुर** गांव में गढ़ीभरल-राणा माजरा रोड पर शराब के ठेके के कर्मचारी से पिस्टल की नोक पर लूटपाट करने व ठेके में पेट्रोल छिडककर आग लगाने का मामला सामने आया है। आरोपी तीन बाइकों पर सवार होकर आए थे। घटना में करीब दो से ढाई लाख रुपए के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। घटना की सूचना के बाद घरौंडा के डीएसपी मनोज कुमार, थाना प्रभारी दीपक कुमार एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ठेकेदार बिजेंद्र चौहान ने बताया कि गढीभरल-राणा माजरा रोड पर उसका शराब का ठेका है। वहां पर रात के समय अक्षय नाम का कारिंदा भी काम करता है और रात को ठेके में ही सोता है। सोमवार की अलसुबह तीन बाइकों पर छह बदमाश आए, जिन्होंने मुंह पर कपड़ा लपेटा हुआ था। उन्होंने थोड़ा सा पेट्रोल शटर के नीचे से ठेके में छिड़ दिया और थोड़ी सी आग लगा दी। धुंए के कारण अक्षय की आंख खुल गई। अक्षय जैसे ही शटर उठाकर बाहर आया तो बदमाशों ने उसे देसी पिस्टल की नोक पर ले लिया और मारपीट भी की। आरोपियों ने कारिंदे से करीब 8 हजार रुपए की नकदी भी लूट ली। बिजेंद्र ने बताया कि बदमाशों ने लूटपाट की और शराब की कुछ बोतले भी उठाई। इसके बाद ठेके में पेट्रोल छिडक दिया और आग लगा दी। आग लगते ही शराब की पेटियां धूं-धूं करके जल गई। आगजनी देख आसपास के लोग मौके पर एकत्रित हो गए और आग पर काबू पाया। आग में 10 से 12 शराब की पेटियां जल गई, जिससे करीब 2 से ढाई लाख का नुकसान हुआ है। बिजेंद्र ने बताया कि ठेके के बाहर व अंदर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए थे, उनमें घटना रिकॉर्ड हुई होगी, लेकिन आग में डीवीआर जल गया। अब डीवीआर से फुटेज निकालने की कोशिश की जाएगी, ताकि पता चल सके कि आरोपी कौन थे। एसएचओ दीपक कुमार ने बताया कि ठेके में आग लगाए जाने व लूटपाट की शिकायत मिली है। शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### सडक दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के जभाला** गांव के पास नहर के पास सडक हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान उपलानी गांव के सत्यवान के रूप में हुई है। सत्यवान पानीपत रिफाइनरी में कार्यरत था और अपनी मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। घटना जबला गांव के पास नहर के पास हुई, जब किसी अज्ञात वाहन ने सत्यवान की मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया था। आज पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक के भाई राममेहर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका भाई सत्यवान कल रात को अपनी मोटरसाइकिल से रिफाइनरी से वापस लौट रहा था।

### देवर ने की विधवा भाभी की पिटाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के रिंडल गांव** की एक विधवा के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने आरोप अपने देवर पर लगाए हैं। मारपीट के दौरान महिला को गहरी चोट आई है। महिला खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। कुंजपुरा पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित विधवा ललतेश ने थाने में दी शिकायत में बताया कि उसके पति की मौत कई साल पहले हो चुकी है। उसके देवर के साथ उनका काफी समय से विवाद चला आ रहा है। बीती 26 जनवरी को वह घर में अकेली थी तो उसके देवर प्रवेश ने उनके साथ मारपीट की। हमले के दौरान महिला को सिर, आंख, नाक, कान, घुटनों और शरीर के अन्य हिस्सों पर गंभीर चोटें आईं। महिला ने बताया कि वह अपने घर में असुरक्षित महसूस करती हैं, क्योंकि वह विधवा हैं और उनके बच्चे काम के सिलसिले में शहर में रहते हैं।

# विधानसभा स्पीकर ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय योगदान देने वाली 41 विभूतियों को किया सम्मान

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) हरियाणा विधानसभा** अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने रविवार को स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में आयोजित हुए 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह के उपलक्ष्य में जिले की 41 विभूतियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए अपने कार्यो को निरंतर जारी रखने के लिए कहा। सम्मानित होने वालों में शिक्षा के क्षेत्र में आर्य कालेज के डॉ.जगदीश गुप्ता प्रिंसिपल आर्य कॉलेज को शिक्षा में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कुलदीप ढुल डिप्टी जिला अटार्नी को कानूनी कार्य के लिए, ओम असिस्टेंट सेनेटरी इंस्पेक्टर को हार्ड वर्क के लिए सम्मानित किया गया। प्रमुख सामाजिक संस्था फैला उजियारा फाउंडेशन की प्रदेशाध्यक्ष कुमारी रजिता कौशिक को नशा मुक्ति,पानी



बचाओं, बेटी बचाओ-बेटी पढाओं, गरीब बेटियों के सामूहिक कन्या विवाह करवाने के योगदान व सरकार की नितियों का जन ज्न तक प्रचार करने को लेकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त डॉ. विरेंद्र कुमार दहिया, पुलिस अधीक्षक लौकेंद्र कुमार,अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. पंकज, एसडीएम ब्रह्मद्दप्रकाश, सीटीएम टीनू पोसवाल सीएमओ डॉ. जयंत आहुजा के अलावा सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जूनियर इंजीनियर अजय छौक्कर और सुरेंद्र को अच्छे कार्य के लिए, रिचा गुप्ता गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल वैसर को शिक्षा क्षेत्र के लिए, विजय राजे ड्रग कंट्रोल ऑफीसर को ऑफिशियल वर्क के लिए, धीरज कपूर स्टेशन सुपरिटेंडेंट नॉर्थ रेलवे कॉलोनी को रनिरंकारी सम्मेलन के दौरान स्टेशन पर शासन को बहुत ही अच्छे ढंग से नियंत्रित करने के लिए, मिस गार्डन एडवोकेट जिला कोर्ट पानीपत को वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के लिए। सुविता को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के लिए, नीलम आर्य इंचार्ज एफसीएल यूनिट पानीपत को संगीन अपराधों में मौके पर पहुंचकर शख्स से सबूतर करके स्पष्ट रिपोर्ट भिजवाकर आरोपियों को सजा देने के लिए। सुरेश कुमार इंचार्ज कंप्लेंट ब्रांच को कार्यालय में समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का सीमित समय में निपटान करने के क्षेत्र में, एएसआई रूपेश कुमार इंचार्ज डीसीआरबी ब्रांच पानीपत को सीसीटीएनएस - ई साक्ष्य सुचारू रूप से चलने के लिए।

विनोद कुमार एसएचओ थाना इसराना को सुरक्षा कार्य को निष्ठा से करने के लिए डॉक्टर विजय आयुर्वैदिक फॉमूर्ला केंद्र सेक्टर 24 को शिक्षा क्षेत्र में सराहनिय कार्य के लिए।

## सामाजिक संस्था कलारागिनी ने गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : कला** रागिनी ट्रस्ट ने सेक्टर-2 में 76 वां गणतंत्र दिवस हर्षो उल्लास से समाज के जरूरतमंद लोगों और बच्चों के साथ मनाया ' संस्था के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई तथा बच्चों ने देशभक्ति के जुनून को सभी के अंदर जगा दिया ' बच्चों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति भी दी गई जिसमें बच्चों को संघर्ष करके उपलब्धि पाने व रोगों और बुराइयों से लड़कर देश में बढ़िया नागरिक बनने का संदेश दिया गया ' इसके बाद सभी बच्चों को इनाम वितरित किए गए ' संस्था की अध्यक्षा रजनी मधाडिया ने समस्त देश वासियों को 76 वें गणतंत्र दिवस की अनंत शुभकामनाएं दी और कहा राष्ट्रीय की उन्नति ही हमारी स्वयं की उन्नति है चलते देश के हर नागरिक को सक्षम बनाना हमारा प्रयास है, जिससे देश के भावी नागरिक देश का कल बदलने में सक्षम होंगे ' संस्था कई वर्षों से निरंतर गरीब तबके के बच्चों व महिलाओं के लिए कार्य कर रही है जिसमें रोजाना 100 से अधिक बच्चों को निशुल्क शिक्षा व सिलाई कढ़ाई का निरीक्षण महिलाओं को दिया जाता है।

## जिला न्यायिक परिसर में मनाया गया 76वां गणतंत्र दिवस

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) जिला एवं सत्र न्यायाधीश-** एवं-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत सुदेश कुमार शर्मा की उपस्थिति में न्यायिक परिसर में बड़े उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का संचालन मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण मीनू के द्वारा किया गया। इस दिवस पर माननीय जिला एवं सत्र न्यायधीश ने झंडा फराया। इस अवसर पर सीजेएम महेन्द्र सिंह, बार एसोसिएशन के प्रधान अमित कादिद्दयान व अन्य अधिवक्ता एवं कोर्ट स्टाफ मौजूद रहे।

## धनाद्द्य लोग गरीब बस्तियों में सेवा कार्य करें: महेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: ( कमाल हुसैन ) गणतंत्र दिवस के अवसर** पर ज्ञान दीप सेवा धाम में वैदिक परिवार एवं सेवा भारती के संयुक्त तत्वावधान में 51 कुंडीय यज्ञ एवं समरसता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत गौ सेवा प्रमुख महेंद्र कंसल ने अपने उद्बोधन में कहां कि धनाढ्य लोग गरीब बस्तियों में सेवा के कार्य करें। उन्होंने कहा कि ईसाई मिशनरीज गरीब बस्तियों में आटा, चावल और मुफ्त ईलाज का लालच देकर हिन्दुओं का ईसाईकरण कर रही हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुओं की धार्मिक संस्थाएं बड़े बड़े धार्मिक आयोजन करती है जिनका बजट लाखों करोड़ों में होता है। यदि ऐसे आयोजनों का कुछ पैसा हम हमारे



गरीब भाईयों के जीवन उत्थान में लगाएं तो कार्यक्रम की सार्थकता होती है। कार्यक्रम का शुभारंभ 51 कुंडीय यज्ञ से हुआ। यज्ञ में सेवा भारती द्वारा गरीब बस्तियों में चलाए जा रहे नि:शुल्क स्कूलों के विद्यार्थियों के परिवार तथा वैदिक परिवार एवं सेवा भारती के पदाधिकारियों के परिवार यज्ञमान बने। यज्ञ का महत्व बताते हुए प्रसिद्द वैदिक विद्वान आचार्य ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि यज्ञ जोड़ने का काम करता है। कार्यक्रम की मुख्यातिथि प्रसिद्ध समाजसेविका विजय लक्ष्मी पालीवाल ने अपने संबोधन में कहा कि आज हमें यज्ञ के माध्यम से कुछ सीख कर यहां से जाना चाहिए। जैसे यज्ञ आहुति के रूप में थोड़ा सा लेकर हजारों गुणा करके वापिस लौटा देता है उसी तरह हर इंसान को देश, समाज और धर्म के लिए करना चाहिए। कार्यक्रम में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में प्रसिद्द समाजसेवी गोपाल तायल के कर कमलों द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया और सभी ने राष्ट्रगान गाया। सेवा भारती स्कूल की बालिकाओं ने देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम को अमेरिका से पधारे वैदिक विद्वान डॉ दयाशंकर विद्यालंकार ने भी संबोधित किया।वैदिक परिवार के सचिव डॉ राजबीर आर्य एवं सेवा भारती के जिला सचिव सुरेश गांधी ने मंच संचालन किया। कार्यक्रम में निवर्तमान पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष कोमल सैनी को भी सम्मानित किया गया।

## कनाडा में हुए सडक हादसे में करनाल के युवक की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के जुंडला** गांव के 21 वर्षीय युवक नवप्रीत की कनाडा में हुए सडक हादसे में मौत हो गई। यह हादसा कनाडा में 23 जनवरी की सुबह लगभग 6 बजे हुआए जब दो ट्रक आपस में टकरा गए। हादसे में नवप्रीत के साथ मौजूद दूसरा ड्राइवर बाल बाल बच गया। जबकि दूसरे ट्रक में मौजूद दोनों लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद कनाडा की पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। अब परिवार ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है। नवप्रीत के परिवार को कल सुबह यूएसए से आए एक कॉल से हादसे की खबर मिली। मृतक के पिता गुरूदेव सिंह ने बताया कि उसके बड़े बेटे तरनप्रीत ने फोन कर नवप्रीत के एक्सीडेंट में मौत की सूचना हमें दी। पिता ने बताया कि तरनप्रीत को नवप्रीत के साथी ड्राइवर ने इस एक्सीडेंट की सूचना दी थी। उसने तरनप्रीत को बताया कि नवप्रीत उस वक्त ट्रक चला रहा था और दूसरा ड्राइवर पीछे के केबिन में सो रहा था। जैसे ही हादसा हुआ उसकी आंख खुली तो वह भी बुरी तरह से चोटिल था और नवप्रीत की मौत हो चुकी थी। इस दर्दनाक घटना में दूसरे ट्रक में सवार दो अन्य लोग भी मौके पर ही मारे गए।

## घरों में चोरी करने वाले सक्रिय चोर गिरोह का भंडाफोड़, तीन काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) पुलिस अधीक्षक** लोकेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में कार्रवाई करते हुए सीआईए थ्री पुलिस टीम ने एक सक्रिया चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गिरोह में शामिल तीन आरोपियों को पुलिस ने काबू किया है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपियों से पानीपत की चोरी व स्नेचिंग की 30 वारदातों का खुलासा हुआ है। तीनों आरोपी पानीपत में वर्ष 2021 से चोरी व स्नेचिंग की वारदातों को अंजाम देने में सक्रिय



थे। तीनों आरोपी पहली बार पुलिस पकड़ में आए है। उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सतीश वत्स ने सोमवार को जिला सचिवालय स्थित पुलिस विभाग के सभागार में प्रेसवार्ता में बताया कि सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय कुमार की एक टीम को रविवार शाम को गश्त के दौरान गुप्त सूचना मिली की संदिग्ध किस्म के तीन युवक एक स्पलेंडर बाइक पर एलसीडी लेकर बेचने के लिए सेक्टर 24 से उग्राखेड़ी की और जाने वाले कच्चे रास्ते से जा रहे है। एलसीडी चोरी की होने की संभावना है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर तीनों युवकों को काबू कर पूछताछ की तो उन्होंने अपनी पहचान विनय उर्फ गांधी निवासी टांडा जालंधर पंजाब हाल ज्योति कॉलोनी, अभिषेक निवासी चटईया भागपुर बिहार हाल कच्चा कैंप व मोहम्मद शहनशाह निवासी सारसा बिहार हाल कृष्णा गार्डन के रूप में बताई।गहनता से पूछताछ करने पर आरोपियों ने अपने तीन अन्य साथी आरोपियों के साथ मिलकर 20 अप्रैल 2024 की रात वीवर्स कालोनी में एक मकान का ताला तोड़कर सोने का एक मंगलसूत्र, दो अंगूठी, चांदी की दो चैन, कडूली, पाजेब, चुटकी, एलसीडी, होम थियेटर बॉक्स व करीब 10 हजार रूपए चोरी करने की वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा।

## इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए हरियाणा सरकार द्वारा जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : पुलिस लाइन** ग्राउंड कुरुक्षेत्र में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था को हरियाणा सरकार,जिला प्रशासन कुरुक्षेत्र,जिला रेड क्रॉस सोसाइटी कुरुक्षेत्र आदि के कर कमलों से सम्मानित किया गया। संस्था की ओर से यह सम्मान संस्थापक मास्टर जितेंद्र, पूर्व प्रधान श्रवण कुमार, उपप्रधान नितेश मंगल,गीता आदि ने ग्रहण किया। मास्टर जितेंद्र जीतू ने



बताया कि संस्था को दूसरी बार ये सम्मान मिला है।आज से 4वर्ष पहले भी ऐसा ही सम्मान मिला था।पूरे हरियाणा से कुछ मददगार हाथों के सहयोग से संस्था पिछले 7वर्षों में इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं में 7000से भी ज्यादा बेहद जरूरतमंद मरीजों/जरूरतमंद परिवारों की मदद कर चुकी है। संस्था केवल कुरुक्षेत्र जिले में भोजन,दूध,फल, कच्चा राशन,टेस्ट,ऑपरेशन,दवाईयां, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट, इमरजेंसी ब्लड डोनेशन, ब्लड डोनेशन कैंप,फ्री जल सेवा,वर्दियां,जूते,कपड़े,बर्तन आदि की सेवाएं 247 उपलब्ध करवा रही है। भविष्य में संस्था फ्री फूड के लिए वैन, लावारिसों के लिए आश्रम, फ्री एम्बुलेंस आदि सेवाओं की शुरूवात करने जा रही है। उपप्रधान नितेश मंगल ने आम व खास जन और सभी संस्थाओं से मददगार हाथ बनकर मदद के लिए आगे आने की अपील की है।

## आरुषि को मिला वर्ष 2023 के सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट का अवार्ड

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र, : कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंटीग्रेटेड एंड ऑनर्स स्टडीज की आरुषि को वर्ष 2023 के लिए सर्वश्रेष्ठ एनसीसी कैडेट का अवार्ड दिया गया है। कुलपति कार्यालय में सोमवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल, कर्नल हरप्रीत सिंह द्वारा कैडेट आरुषि को सर्वश्रेष्ठ एनसीसी अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने उन्हें बधाई देते हुए कहा कि यह



अवार्ड कैडेट आरुषि के अद्वितीय अनुशासन, सच्ची निष्ठा एवं कड़ी मेहनत का परिणाम है। एनसीसी का यह प्रतिष्ठित पुरस्कार मिलना वास्तव में एक गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि यह पुरस्कार एनसीसी स्टाफ के समर्थन, मार्गदर्शन और क्षेत्र में दिखाए गए निरंतर समर्पण का प्रमाण है। यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रतिवर्ष एक उत्कृष्ट कैडेट को दिया जाता है। कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल ने कहा है कि आरुषि की कड़ी मेहनत और समर्पण ने सभी के समक्ष एक आदर्श स्थापित किया है जो दूसरों के लिए भी प्रेरणा का कार्य करेगा। यह पुरस्कार न केवल सीनियर अंडर ऑफिसर आरुषि की व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि यह एनसीसी के मूल्यों और आदर्शों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है।

गौरतलब है कि विभिन्न कॉलेजों के कैडेट्स इस चयन प्रक्रिया में भाग लेते हैं, जिसमें एक व्यापक परीक्षा, ड्रिल टेस्ट, मैप रीडिंग टेस्ट, वेपन टेस्ट और अंत में कर्नल के साथ साक्षात्कार शामिल है। सीनियर अंडर ऑफिसर आरुषि ने एएनओ, सीटीओ और एनसीसी स्टाफ के मार्गदर्शन में अद्वितीय रूप से अनुशासन और निष्ठा का प्रदर्शन किया है। इस मौके पर कर्नल हरप्रीत सिंह व सीटीओ डॉ. रितु सैनी मौजूद रहे।

## अनाज मण्डी में विधायक मनमोहन भड़ाना ने फहराया ध्वज

**समालखा( कुलदीप सिंह ) 76वें गणतंत्र दिवस** समारोह के अवसर पर समालखा स्थित अनाज मण्डी में समालखा विधायक मनमोहन भड़ाना ने ध्वज फहराया। उन्होंने आमजन को शुभ संदेश दिया व परेड का निरीक्षण किया। समारोह में विभिन्न टुकडि?ों ने मार्च पास्ट किया। विधायक मनमोहन भड़ाना ने अपने सम्बोधन में 76वें गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि 75 वर्ष पहले सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला।



उन्होंने कहा कि टोक्यो ओलम्पिक-2020 में देश के 126 प्रतिभागियों में से हरियाणा प्रदेश के 32 खिलाडियों ने भाग लिया। भारत के 1.3 प्रतिशत क्षेत्रफल व 2.09 प्रतिशत आबादी वाले हरियाणा का ओलम्पिक खेलों में 50 प्रतिशत से अधिक मेडल का योगदान रहा है। टोक्यो ओलम्पिक 2020 में देश को प्राप्त 07 पदकों में से प्रदेश के खिलाडियों ने 1 स्वर्ण, 1 रजत तथा 2 कांस्य पदक प्राप्त किए। उन्होंने कहा कि हमने गांवों के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत प्रतिनिधित्व दिया है। स्वामित्व योजना के तहत प्रदेश को लाल डोरा मुक्त बनाना व महिलाओं के लिए आजीविका के अवसर बढ़ाने के लिए एक-तिहाई राशन डिपो महिलाओं को देने का प्रावधान किया है। ह्यअटल किसान मजदूर कैंटीनह्ल व वीटा बिक्री केन्द्रों का संचालन भी महिलाओं को सौंपा गया है। विधायक मनमोहन भड़ाना ने कहा कि हरियाणा में सडकों का सुधार और नई सडकों का निर्माण किया गया है। आज प्रदेश का हर जिला नेशनल हाईवे से जोड़ा गया है। केएमपी-केजीपी जैसी आधुनिक परियोजनाओं के बाद अब हरियाणा ऑर्बिटल रेल कॉरिडोर भी बन रहा है और दिल्ली के सरायं काले खां से करनाल तक आरआरटीएस रेल लाइन भी स्थापित की जा रही है। इन सब परियोजनाओं के पूरा होने से प्रदेश की जनता को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014-15 में खाद्यान्न उत्पादन 153.54 लाख टन था, जो कि वर्ष 2023-24 में बढक? 208.80 लाख टन हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिसंबर 2018 में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना आरंभ की गई थी, जिसके अन्तर्गत साल में तीन बार 2000-2000 रुपये की तीन किस्त किसान परिवार को उपलब्ध करवाई जाती है। हरियाणा के किसानों की शत प्रतिशत फसलों की एमएसपी पर खरीद की जा रही है।

## गणतंत्रत दिवस पूरी श्रद्धा और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) आर्य बाल भारती** स्कूल परिसर में 76 वें गणतंत्रता दिवस पूरी श्रद्धा और हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया । समारोह के मुख्य अतिथि एडवोकेट रणदीप कादियान ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। विद्यालय के बाल कलाकारों ने अनेक संस्कृत कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि रणदीप कादियान ने कहा कि यह देश उन सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानों का हमेशा ऋणी रहेगा




जिन्होंने देश को आजाद करवाने और आजाद देश को ऊंचाइयों तक पहुंचने में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया ।उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान विश्व का सबसे विशाल संविधान ही नहीं बल्कि विश्व का सफलतम संविधान भी है । भारत में भारतीय संविधान के अनुसार देश को चलाया जाता है और अंत्योदय की भावना से समाज के सर्वहारा वर्ग के कल्याण का प्रयास किया जाता है।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
RKB GROUP Rakesh Bharadwaj Group
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 28 जनवरी 2025 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

# आम आदमी पार्टी छोड़कर कई नेता कांग्रेस में हुए शामिल, पार्टी में मिलेगा सम्मान

- शिवांक सिंघल को जनता का मिल रहा भरपूर प्यार, जनता दे रही पदयात्राओं में आशीर्वाद, पीयूष तंवर, सुमन सैनी और प्रदीप शौकीन ने थामा कांग्रेस का दामन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूरे दमखम से लड़ रही है। कार्यकर्ता एकजुट हैं और पार्टी को फिर से दिल्ली की सत्ता में वापसी कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी कड़ी में जहांगीरपुरी से प्रदीप शौकीन ने आम आदमी पार्टी छोड़कर कांग्रेस में घर वापसी की। इस मौके पर प्रदीन शौकीन ने कहा कि मैं कांग्रेस का सच्चा सिपाही हूं और कांग्रेस का दामन फिर से थाम रहा हूं। आम आदमी पार्टी की कारगुजारियों को देखते हुए मैंने आप को छोड़ने का निर्णय लिया है। आम आदमी पार्टी ने पूरे दिल्ली का बंटाधार कर दिया है। कांग्रेस फिर से दिल्ली की सत्ता में वापसी करेगी। इस दौरान सुमन सैनी और पीयूष तंवर भी कांग्रेस में शामिल हो गए।
इस मौके पर कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल ने कहा कि कांग्रेस पूरे दमखम से दिल्ली में चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ता घर वापसी कर रहे हैं। भारी संख्या में कांग्रेस से लोग जुड़ रहे हैं। कांग्रेस के कार्यशैली दिल्ली हित में हैं। प्रदीप शौकीन कांग्रेस के पुराने कार्यकर्ता रहे हैं। आप की भ्रामक नीतियों में बहककर आम में शामिल हुए थे। आज फिर से कांग्रे का दामन थाम लिया है। पार्टी में प्रदीप शौकीन को पूरा मान-सम्मान मिलेगा।



## प्रयागराज एयरपोर्ट ने महाकुंभ के प्रवेश द्वार के रूप में नया मानक स्थापित किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू के नेतृत्व में प्रयागराज हवाई अड्डा भक्ति, संस्कृति और भव्य महाकुंभ महोत्सव शहर के आधुनिक प्रवेश द्वार के रूप में परिवर्तित हो गया है। 13 जनवरी से 26 फरवरी 2025 तक श्रद्धालुओं की आमद को समायोजित करने के लिए बड़े पैमाने पर विस्तार के प्रयास किए गए हैं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अनुसार वर्तमान में



देशभर से प्रयागराज के लिए लगभग 80,000 मासिक सीटों के साथ 132 उड़ानें संचालित हो रही हैं। वर्तमान में प्रयागराज देशभर के 17 शहरों से सीधे जुड़ा हुआ है, जबकि दिसंबर 2024 में यह संख्या 08 थी। श्रीनगर और

**कनेक्टिविटी**

**▸▸ प्रयागराज देशभर के 17 शहरों से सीधे जुड़ा हुआ है, जबकि दिसंबर 2024 में यह संख्या 08 थी श्रीनगर**

विशाखापत्तनम सहित 26 शहरों तक सीधी और कनेक्टिंग उड़ानों के साथ प्रयागराज अब श्रद्धालुओं के लिए एक अच्छी तरह से जुड़ा हुआ केंद्र है।

## बुराड़ी में निर्माणाधीन चार मंजिला इमारत गिरी, कई मजदूर दबे

**नई दिल्ली। उत्तरी जिले के** बुराड़ी स्थित कौशिक एंक्लेव इलाके में सोमवार शाम एक निमार्णाधीन चार मंजिला इमारत भरभराकर गिर गई। घटना के समय इमारत में मजदूर और उनके परिवार के 10-15 लोग मौजूद थे। स्थानीय लोगों ने मलबे में दबे चार लोगों को बाहर निकाल कर उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस के साथ साथ दमकल विभाग की नौ गाड़ियां के साथ राहत एवं बचाव टीम भी मौके पर पहुंच गई है।

**आधुनिक** देशभर में लाखों यात्रियों के लिए यात्रा के समय को कम करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है

## उपलब्धि: 23,000 किमी से ज्यादा ट्रैक अपग्रेड

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। भारतीय** रेलवे ने 130 किलोमीटर प्रति घंटे तक की ट्रेन रफ़्तार को सपोर्ट करने के लिए भारतीय रेलवे नेटवर्क के 23,000 से ज्यादा ट्रैक किलोमीटर (टीकेएम) को अपग्रेड करके एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उल्लेखनीय प्रगति रेलवे के बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने, कनेक्टिविटी में सुधार करने और देशभर में लाखों यात्रियों के लिए यात्रा के समय को कम करने की सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।




भारत के रेलवे नेटवर्क का लगभग पांचवां हिस्सा अब उच्च गति के लिए सुसज्जित है। ये प्रगति आधुनिक सिग्नलिंग सिस्टम और रणनीतिक बाड़ लगाने जैसे मजबूत सुरक्षा उपायों के जरिए संभव हुई है, जो ट्रेन यात्रा में दक्षता और विश्वसनीयता के एक नए युग की शुरूआत है। रेल मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने बताया कि ट्रैक इंफ्रास्ट्रक्चर के आधुनिकीकरण में व्यापक उन्नयन शामिल है, जिसमें उच्च गति के संचालन के लिए स्थिरता और स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए पटरियों को मजबूत करना, सटीक संचार और सुरक्षित ट्रेन संचालन के लिए उन्नत सिग्नलिंग सिस्टम का कार्यान्वयन और सुरक्षा बढ़ाने और जोखिमों को कम करने के लिए कमजोर स्थानों पर बाड़ लगाने जैसे सुरक्षा उपायों की स्थापना शामिल है। ये प्रयास भारतीय रेलवे के सुरक्षित और अधिक कुशल रेलवे नेटवर्क को बढ़ावा देने के लक्ष्य के अनुरूप हैं।

पर्यटन विभाग
भारत सरकार
अतुल्यनीय भारत

भारत
पर्व
2025

26-31 जनवरी
लाल किला, दिल्ली

भारत पर्व
में भारत की सुंदरता-
विविधता को खोजें।

समय
28 से -31 जनवरी, 2025
दोपहर 12 बजे से - रात 09 बजे तक

निशुल्क एंट्री।
कृप्या कर अपना पहचान
पत्र साथ लाएं।




CBC 42101/13/0009/2425

गणतंत्र दिवस की झांकियां, ● राज्य पर्यटन थीम पवेलियन ● सांस्कृतिक कार्यक्रम ● शिल्प बाजार ● स्टूडियो किचन
● भारत के व्यंजन ● आर्मी के जवानों द्वारा बैंड प्रदर्शन ● डीआईवाई (अपने से करें) गतिविधियां ● सेल्फी प्वाईटस

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एक्शन इंडिया
9
actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

# आदर्श नगर: भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया का तूफानी दौरा जारी

- भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया के जनसंपर्क में उमड़ रहा जनसैलाब
- राजकुमार भाटिया को मिल सीनियर सिटीजन्स से जीत का आशीर्वाद








**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार भाटिया के चुनाव अभियान में क्षेत्र की जनता बढ़चढ़कर हिस्सा ले रही है। उनके पक्ष में क्षेत्र की जनता भी लामबंद होती नजर आ रही है। ज्ञातव्य हो कि संघ पृष्ठभूमि से जुड़े कालेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से राजनीति शुरू करने वाले राजकुमार भाटिया का संगठन कार्य करने का लंबा अनुभव है। वे वर्तमान में भाजपा दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष हैं। राजनीति से इतर रोटी बैंक के संस्थापक राजकुमार भाटिया का सामाजिक क्षेत्र में सेवा कार्य सरहानीय है। रोटी बैंक के माध्यम से अभी तक 35 लाख से ज्यादा रोटी के पैकेट जरूरतमंदों तक पहुंचा चुके है।

**शिखर पर है राजकुमार भाटिया का चुनाव प्रसार**
राजकुमार भाटिया का चुनाव प्रसार शिखर पर है। उनकी पदयात्रा, नुक्कड़ सभा और बैठकों का दौर जोरों पर है।उन्होंने अपनी पदयात्रा मेट्रो फ्लैट्स आजादपुर, कृष्णा रोड़ आदर्श नगर एक्सटेंशन, जी ब्लॉक जहाँगीरपुरी झुग्गी में की। अपने चुनाव अभियान में मूलचंद कालोनी व मजलिस पार्क के लोगों के साथ बैठक की व उनकी समस्याएँ सुनी। उन्होंने कहा कि साफ पेय जल, दुरुस्त सीवर व्यवस्था, नाले-नालियों द्वारा सुचारू जल निकासी, सड़क व रोड़ बनवाना, पार्को का सौन्दर्यीकरण व हरियाली युक्त बनाना, क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में सुधार व बेहतर शिक्षा हेतु विज्ञान व कॉमर्स के विषय लागू करवाना, महिलाओं के स्वाभिमान व सम्मान की लाभकारी योजनाओं द्वारा लाभ दिलवाना मेरी प्राथमिकता रहेगी।

**दिल्ली में सरकार बनते ही मोदी जी की गारंटी का लाभ पहली मीटिंग में ही शुरू हो जाएगा: राजकुमार**



राजकुमार भाटिया ने सभी बुजुर्गों द्वारा मिले समर्थन व आशीर्वाद को अपना सौभाग्य बताया। उन्होंने कहा कि विधायक बनते ही अपने बुजुर्गों के लिए मनोरंजन केंद्र खोलने, आपदा सरकार द्वारा बंद वृद्धावस्था पेंशन को पुनः लागू करवाना और उनके स्वास्थ्य देखभाल के लिए क्षेत्र में सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में सरकार बनते ही मोदी जी की गारंटी का लाभ पहली मीटिंग में ही शुरू हो जाएगा। वृद्धावस्था पेंशन पुनः शुरू की जाएगी जिसमें 2000 रुपये से बढ़ाकर 2500 रुपये और 70 वर्ष से अधिक आयु वालों को 3000 रुपये प्रति माह पेंशन दी जाएगी। सभी बुजुर्गों को 10 लाख तक का फ्री इलाज मिलेगा। आपदा सरकार द्वारा दिल्ली में रोकी गई मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा जिसमें आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख तक का इलाज केंद्र सरकार व अतिरिक्त 5 लाख का इलाज दिल्ली सरकार द्वारा दिया जाएगा।

**ये लोग रहे मौजूद:** आज आदर्श नगर क्षेत्र की वरिष्ठ नागरिकों की इन्द्रप्रस्थ सीनियर सिटीजन कल्याण समिति के साथ बैठक हुई जिसमें हर समाज ब्राह्मण, वैश्य, जाट, पंजाबी, अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के बुजुर्ग भारी तादाद में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर शिमला हिमाचल प्रदेश से सांसद सुरेश कश्यप, आदर्श नगर से पूर्व विधायक जय प्रकाश यादव , पूर्व सिविल लाईन जोन चेयरमैन नवीन त्यागी, पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा और समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश कौशिक, पूर्व पार्षद प्रमेश चौहान, होशियार सिंह मुदग्ल, विक्रम सोमानी, राज सिंह दहिया, सुनील अवस्थी शाह जी, कपूर सिंह दहिया, सूरजभान कादियान, हरिश भारद्वाज, मनोज बालियान महिपाल मान, अशोक गर्ग, सतीश कंसल, पदम सिंह, सुभाष शाह, सुभाष कादियान, किशन गोपाल, सुरेंद्र कुमार, अशोक गुप्ता, सुभाष सिसोदिया, अर्चना त्यागी, कवित वैष्णव, बिरमा शर्मा, बिंदिया त्यागी, मंजू वैष्णव, कमलेश, विष्णु बंसल, मुकेश साहू, राहुल प्रधान, अदित्य त्यागी, अमन रस्तोगी, हरिश जाट, नवल किशोर, अजय गुप्ता, मोहर सिंह, हुड्डा जी, इंद्र सिंह माथुर, बत्रा जी, इंद्र तनेजा, चेतन भारद्वाज, राकेश भारद्वाज, प्रभु शाह, अशोक आसठ, अरूण आसठ, उमेश शर्मा, हरिश गांधी, रविंद्र गांधी, दिशांत, विनायक, विनायक पालीवाल, मुन्नी, शकुंतला, संजय जैन, सतेन्द्र जैन सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।











# भाजपा ने सदैव बढ़ाया पूर्वांचल समाज का सम्मान: रवि किशन











**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: वजीरपुर** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज ने सोमवार को वजीरपुर विधानसभा में जगह-जगह जनसंपर्क, बैठकें और जनसभाओं का आयोजन किया गया। इसमें हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे और भाजपा का समर्थन देने की बात पर जोर दिया।

**पूनम भारद्वाज के समर्थन में रवि किशन ने मांगे वोट :** आपको बात दें कि गोरखपुर से सांसद रवि किशन ने वजीरपुर विधानसभा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज के समर्थन में वजीरपुर औद्योगिक क्षेत्र स्थित अखाड़ा चौक पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी पूनम शर्मा भारद्वाज के समर्थन में आने वाली 5 फरवरी को वोट करें और अपने क्षेत्र में विकास पाये। सांसद रवि किशन ने कहा कि आप सभी ने आम आदमी पार्टी को विकास के लिए वोट किया था लेकिन आम आदमी पार्टी ने दिल्ली के युवाओं को नशे में डूबों कर रख दिया है। आप पार्टी ने विकास करने की जगह शराब एक के साथ एक फ्री बांटी। यह कैसा विकास है। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे और विजय भाजपा के नारे भी लगाये।

**सिख और पंजाबी समाज ने पूनम भारद्वाज का किया भव्य रूप में स्वागत:** अशोक विहार में सिख समाज और पंजाबी समाज की ओर बैठक आयोजित कर भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज का स्वागत किया गया और वहां पर मौजूद समाज के लोगो ने प्रत्याशी पूनम शर्मा को जीत का भी आशीर्वाद दिया।

**वजीरपुर जेजे कॉलोनी में पूनम भारद्वाज को लोगों ने दिया जीत का आशीर्वाद:** भाजपा प्रत्याशी पूनम शर्मा भारद्वाज को जनसंपर्क के दौरान लोगों का काफी समर्थन मिल रहा है। पूनम भारद्वाज को वजीरपुर जेजे कॉलोनी के लोगों ने पदयात्रा व बैठको के दौरान स्वागत किया और बताया कि हम आम आदमी पार्टी के कार्यों से खुश नहीं है। आम आदमी पार्टी ने हमें धोखा देने का कार्य किया है।

**उधम सिंह पार्क में महिलाओं ने किया पूनम भारद्वाज का स्वागत, तिलक लगाकर दिया जीत का आशीर्वाद:** वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले स्लम क्षेत्रों में भी पूनम शर्मा भारद्वाज का जोरदार स्वागत किया जा रहा है। इसी कड़ी में उधम सिंह पार्क में एक सभा के दौरान महिलाओं ने भव्य रूप में पूनम शर्मा भारद्वाज का स्वागत किया।
















## न्यूज फ्लैश

### मोहड़ा सरकारी स्कूल में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: अंबाला सरकारी स्कूल मोहड़ा में 76 वाँ गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आशा एक प्रयास संस्था की टीम ने किया ध्वजारोहण एवं स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभगती गीतों में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योगी दिनेश कांत जिंदल ,सरपंच, एवँ प्रिंसिपल को मुमैंटो देकर सम्मानित किया सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को सेवा ट्रस्ट यू. के इंडिया की ओर से सी ए वागीश शर्मा ने पुरस्कार देकर किया सम्मानित ।इस अवसर पर आशा एक प्रयास के संरक्षक ब्रिगेडियर जनेश खेड़ा प्रोफेसर डॉक्टर प्रदीप स्नेही ने विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन किया व डॉक्टर यू डी शर्मा , मखन सिंह लबाना सहित संस्था के प्रधान प्रेम भाटिया वरिष्ठ उप प्रधान अजय कुमार बख्शी ,कैशियर सुरेंद्र गोयल,महासचिव राकेश गर्ग एवं टीम के अन्य सदस्य कार्यक्रम में उपस्थित रहे ।

### रोमांचक मुकाबले में केयूके स्टार ने दो विकेट से जीत दर्ज की



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में रविवार को खेले गए प्रतियोगिता के तीसरे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केयू अकाउंट्स इलेवन ने 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 149 रन बनाए। मैच में राहुल ने 34 व सागर ने 33 रन बनाए। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्टार ने पावर प्ले में 43 रन पर 5 विकेट जल्दी खो दिए। वहीं मध्यम क्रम में बल्लेबाजी करने उतरे शमशेर चौहान ने 51 गेंदों में 62 रन की नाबाद पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाई। इससे पहले गेंदबाजी में भी शमशेर चौहान ने 3 विकेट भी लिए थे। इस मौके पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव एवं क्रिकेटर विनोद वर्मा ने शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए शमशेर चौहान को मैन ऑफ द मैच के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

# प्रजातंत्र में शक्ति लोगों के हाथ में है, ताकत लोगों के हाथ में है: विज

**विज ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सभी लोगों, नेताओं और अधिकारियों से की अपील-**

**प्रजातंत्र**

**लोगों ने तानाशाही सरकारों को गिराकर धूल चटाई है, हमें देश के प्रजातंत्र को अक्षुण्ण का प्रण लेना चाहिए**



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन और श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि प्रजातंत्र में शक्ति लोगों के हाथ में है, ताकत लोगों के हाथ में है। कुछ लोगों के दिमाग में आज भी अंग्रेजों की आत्मा जिंदा है और वह लोगों को बताते हैं कि सारी शक्ति हमारे हाथ में है। किसी अधिकारी, किसी आईएएस, किसी आईपीएस या किसी राजनेता के हाथ में शक्ति नहीं है, शक्ति लोगों के हाथ में है, यह लोग ही हमे बनाते और हटाते हैं। उन्होंने कहा कि लोगों ने कई तानाशाही सरकारों को गिराकर धूल चटाई है, इसलिए आज के दिन हमें देश के प्रजातंत्र को अक्षुण्ण का प्रण लेना चाहिए।

श्री विज ने आज यह अपील अंबाला छावनी में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सभी लोगों, नेताओं और अधिकारियों से की। एसडी कालेज अम्बाला छावनी में जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह भव्य और शानदार तरीके से मनाया गया। हरियाणा के उर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने ध्वजारोहण किया तथा परेड की सलामी ली और जिलावासियों के नाम अपना शुभ संदेश दिया। उर्जा मंत्री ने इससे पहले कालेज परिसर में स्वामी विवेकानन्द की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि भी भेंट की।

उन्होंने कहा कि लोगों ने कई तानाशाही सरकारों को गिराकर धूल चटाई है, इसलिए आज के दिन हमें यह भी प्रण लेना चाहिए कि देश के प्रजातंत्र को अपशुद्ध रखने हेतू संघर्ष करने का आज हम संकल्प लेते हैं क्योंकि आज भी कुछ लोगों के दिमाग में तानाशाही जिंदा है और ये कुछ लोग आज भी कहते हैं कि शक्ति का स्त्रोत हम हैं, हम में है ताकत, जबकि शक्ति का स्त्रोत इस देश का प्रजातंत्र है, शक्ति का स्त्रोत इस देश की जनता है और इस देश के लोग हैं जो यहां सरकार बनाते हैं और गिराते हैं। श्री विज ने कहा कि आज हम 76वां गणतंत्र दिवस मना रहे हैं। इस अवसर पर आज यहां राष्ट्रीय ध्वज फहराना मेरे लिए बड़े गर्व और सौभाग्य की बात है। खुशी के इस मौके पर मैं आप सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होंने कहा कि ह्यह्यमेरे लिए और भी ज्यादा सौभाग्य की बात है कि मैं जिस कॉलेज के प्रांगण से 1972 तक ग्रेजुएशन की और आज उसी कॉलेज के प्रांगण में देश की आन बान और सम्मान तिरंगा फहराने का अवसर प्रदान किया गया।

मैं इस कॉलेज के सभी ज्ञात - अज्ञात शिक्षकों को झुक कर नमन करता हूं जिनकी बदौलत आज मुझे हरियाणा के प्रत्येक कोने तक काम करने का अवसर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि सन 1950 में आज ही के दिन हमारा संविधान लागू हुआ था। इसी संविधान के कारण हम सभी को समान न्याय, स्वतंत्रता एवं समानता का अधिकार मिला। आज इस अवसर पर, मैं बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के तमाम सदस्यों को नमन करता हूं।

## एसवीएस बाल भारती स्कूल ने भांगड़ा की प्रस्तुति दी



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: गणतंत्र दिवस समारोह 2025 एसडी कॉलेज अंबाला कैंट में एस वी एस बाल भारती पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने पंजाबी लोक नृत्य भांगड़ा की एक अद्भुत और शानदार प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और उत्कृष्ट नृत्य कौशल से एक ऐसा जादू बिखेरा कि समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि, ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री अनिल विज भी स्वयं को रोक न सके और उन्होंने बच्चों के साथ भांगड़े का आनंद लिया। इस अद्भुत क्षण ने गणतंत्र दिवस समारोह को एक अद्वितीय और अप्रतिम आयोजन में बदल दिया। इस जीवंत और उत्साहपूर्ण वातावरण ने समारोह की गहराई

**मन मोहा**

**यह स्पष्ट कर दिया कि मेहनत और लगन से किया गया प्रयास, निश्चित रूप से रंग लाता है : विज**

को और अधिक बढ़ा दिया। यह अद्भुत उपलब्धि न केवल विद्यालय के लिए गर्व का विषय है, बल्कि यह विद्यार्थियों, समर्पित शिक्षकों और अनुभवी कोरियोग्राफर अनिल महंत जी की मेहनत और समर्पण का प्रतीक भी है। इस आयोजन ने सभी उपस्थित लोगों को प्रेरित किया और यह स्पष्ट कर दिया कि मेहनत और लगन से किया गया प्रयास, निश्चित रूप से रंग लाता है।

## ब्रह्माकुमारीज विश्वविद्यालय में गणतंत्र दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय 16, कंच घर में गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में बहुत सुंदर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रिटायर्ड एसपी विजय बराडा , एयरफोर्स विंग कमांडर रिटायर्ड रमेश रहे। आश्रम की मुख्य संचालिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शिवानी दीदी जी ने बताया कि जिस प्रकार 15 अगस्त 1947 को भारत ने आजादी को हार पहना कर अपना बनाया उसी प्रकार आज के



दिन भी 26 जनवरी 1950 को भारत ने लंबे समय के बाद संविधान को लागू किया था, परंतु भारत सिर्फ बाहरी रूप से आजाद हुआ है।

## शहीदों की राह पर चलकर ईमानदारी के साथ करना होगा कार्य: नवीन जिंदल

**सपना**

**विकसित भारत का सपना साकार होगा तो निश्चित ही देश के 150 करोड़ लोगों को खुशहाल बनाया जा सकेगा**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि अमर शहीदों की राह पर चलकर देश के प्रत्येक नागरिक को ईमानदारी के साथ काम करके भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इस देश को विकसित राष्ट्र बनने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती और जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत का सपना साकार होगा तो निश्चित ही देश के 150 करोड़ लोगों को खुशहाल बनाया जा सकेगा।

सांसद नवीन जिंदल रविवार को पुलिस लाईन कुरुक्षेत्र में जिला प्रशासन की तरफ से आयोजित जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस में नागरिकों को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले सांसद नवीन जिंदल,



उपायुक्त नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला ने लघु सचिवालय के प्रांगण में शहीदी स्मारक पर पुष्प चक्र अर्पित कर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके उपरांत सांसद नवीन जिंदल ने पुलिस लाइन में ध्वजारोहण कर परेड का निरीक्षण किया। सांसद ने मार्च पास्ट के दौरान पुलिस, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट व बैंड की टुकड़ी की सलामी ली। इस दौरान सांसद नवीन जिंदल ने कुरुक्षेत्र को स्वच्छ बनाने के लिए किए जा रहे सराहनीय कार्य करने पर उपायुक्त नेहा सिंह को सम्मानित करने के साथ-साथ डीएमसी पंकज सेतिया व उनकी टीम की जमकर प्रशंसा की है। इस गणतंत्र दिवस में 11 विभागों ने सुदंर-सुदंर झांकियां निकाल कर दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया और विभिन्न स्कूलों के 1 हजार विद्यार्थियों ने शानदार पीटी शो का प्रदर्शन करके सबका मन मोह लिया। सांसद नवीन जिंदल ने शहीदों के परिजनों व वीरांगनाओं को जिनमें हरभजन कौर, सुरजीत कौर, कृष्णा देवी, सुखविन्द्र कौर, दलजीत कौर, ममता शर्मा, दलजीत कौर,पार्वती देवी, धन्नी देवी, गुरमीत कौर, संतोष कुमारी, जसबीर कौर, रामदास गोयल, सुखपाल सिंह, दिल्ला राम को उनके स्थान पर जाकर सम्मानित किया।

## श्रीकृष्णा आयुष यूनिवर्सिटी में मनाया 76 वां गणतंत्र दिवस

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** , प्रोफेसर वैद्य करतार सिंह ने कहा कि हमारा संविधान हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता और न्याय का अधिकार देता है। इसी के कारण आज हम स्वतंत्र भारत में समानता और न्याय के अधिकार के साथ सम्मान पूर्वक खुली हवा में सांस ले पा रहे हे। यह हमारे देश की एकता और विविधता को दर्शाती है। इस महान दिन पर हमें उन महान नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों को याद



करना चाहिए जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान देकर हमें यह आजादी दिलाई। उन्होंने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि आज हम सभी यहां भारत के गणतंत्र दिवस का जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए हैं। यह दिन हमारे देश के इतिहास में एक गौरवशाली अध्याय है। 26 जनवरी

**आजादी का जशन**

**समानता और न्याय के अधिकार के साथ सम्मान पूर्वक खुली हवा में सांस ले पा रहे हैं**

1950 को हमारा संविधान लागू हुआ था, और भारत एक गणतांत्रिक राष्ट्र बना। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर, सरदार वल्लभभाई पटेल जैसे महापुरुषों की तपस्या और अनेक देशभक्तों के बलिदान के बिना यह संभव नहीं था। डॉ कृष्ण जाटयान ने कहा कि आज हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम अपने संविधान के आदर्शों का पालन करेंगे और अपने देश को और भी मजबूत और विकसित बनाएंगे। हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी समझना और निभाना होगा। अपने देश के प्रति समर्पित रहें और इसके विकास में अपना योगदान दें।

## भगवान परशुराम सेवा समिति द्वारा सत्संग का आयोजन किया

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला**: भगवान परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अम्बाला कैंट के सचिव राजेश गोल्डी शर्मा ने अपनी माता जी की वरसी पर अपने निवास स्थान प्रभु प्रेम पुरम मे अपने गुरु जी रूलदा पूरी जी द्वारा सत्संग करवाया।

महंत रूलदा पूरी जी ने बताया की आज परिवार अलग अलग हो रहे है जिसके कारण बच्चो मे संस्कार की कमी हो रही है सभी एक परिवार मे एक जुट हो कर रहे जिससे बच्चों मे संस्कार आएगे और धर्म का प्रचार होगा और आपसी भाई चारा बने रहेगा।



राजेश गोल्डी ने बताया की सभी को अपने माता पिता के नाम पर धार्मिक व सत्संग के कार्यक्रम करते रहना चाहिए। इस सत्संग मे करधान नगल के आसपास के लोगो ने गुरु जी के सत्संग का आनंद लिया। इस कार्यक्रम मे भगवान परशुराम सेवा समिति के सभी सदस्य मजूद रहे। संत राम शर्मा पवन शर्मा रामपाल शर्मा शेर सिंह सरपंच और अन्य लोग मजूद रहे

## सेवाओं के लिए उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को मिला सम्मान

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र**: गणतंत्र दिवस के अवसर पर सांसद नवीन जिंदल, उपायुक्त नेहा सिंह और पुलिस अधीक्षक वरुण सिंगला द्वारा पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया। राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित पुलिस उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा को यह सम्मान नशा मुक्त हरियाणा अभियान के अंतर्गत कुरुक्षेत्र में नशे के विरुद्ध 403 से अधिक जागरूकता कार्यक्रम करने और 574 से अधिक नशे में ग्रस्त हो चुके युवाओं को नशा मुक्त करने के साथ रक्तदान के क्षेत्र में अतुलनीय सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

## अनिल वर्मा के जन-जागृति प्रयासों को मिला प्रशंसा पत्र

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र** : नगर की प्रतिष्ठित उत्थान सामाजिक संस्था के जनहित के कार्यों को मान्यता प्रदान करते हुए गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में जिला प्रशासन द्वारा संस्थाध्यक्ष अनिल वर्मा को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। अनिल वर्मा को यह प्रशंसा पत्र गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल के कर-कमलों से मिला। जिला प्रशासन द्वारा प्रशंसा पत्र दिए जाने पर अनिल वर्मा ने उपायुक्त नेहा सहित तमाम जिला प्रशासन का आभार जताते हुए कहा कि सम्मान मिलने के साथ ही संस्था की



जिम्मेवारी भी बढ़ी है।अनिल वर्मा ने कहा कि उत्थान सामाजिक संस्था एक पंजीकृत संस्था है जिसका पंजीकरण मार्च,2017 में हुआ था।तबसे संस्था द्वारा समाज के विभिन्न मुद्दों को लेकर नगर में और गांवों में,विद्यालयों में जनजागृति कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा मुख्यतः युवाओं को नशे के विरुद्ध जागृत करने,कन्या भ्रूण हत्या के विरुद्ध संदेश देने के जनहित के कार्यों में संलग्न रहती है।इसके अतिरिक्त विभिन्न

**सम्मान**

**समारोह में जिला प्रशासन द्वारा संस्थाध्यक्ष अनिल वर्मा को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया**

समसामयिक मुद्दों पर भी कार्यक्रम किए जाते हैं यथा महान विभूतियों के जन्मदिवसों पर कार्यक्रम आयोजित करना,भाषण - कविता प्रतियोगितायें आयोजित करना भी शामिल हैं।

अनिल वर्मा ने उत्थान संस्था के प्रयासों को प्रशंसा पत्र देने पर जिला उपायुक्त नेहा सिंह का हृदय से आभार व्यक्त किया।

## 76वें गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में कुवि कुलपति ने ली परेड की सलामी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र**: कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रांगण में 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने विश्वविद्यालय प्रांगण में रविवार को राष्ट्र ध्वज फहराया तथा एनसीसी व एनएसएस कैडेटों की भव्य परेड की सलामी ली। इस मौके पर कुवि के संगीत एवं नृत्य विभाग, आईआईएचएस व यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर देश के महान शहीदों को याद किया। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा 76 वें गणतंत्र दिवस पर्व की सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि सही



मायनों में भारत को पूर्ण स्वराज का संकल्प 26 जनवरी 1950 को पूर्ण हुआ जब भारतीय संविधान लागू हुआ और हम एक संप्रभु लोकतांत्रिक देश बने। 26 जनवरी को ही 1930 में लाहौर में रावी नदी के किनारे हमारे नेताओं ने पूर्ण स्वराज की घोषणा की थी। संविधान निमार्ता डॉ. अम्बेडकर का कहना था संविधान केवल कागज का एक दस्तावेज नहीं बल्कि हमारे अधिकारों, कर्तव्यों व राष्ट्र की दिशा का आधार भी है। संविधान ने हमें समानता, स्वतंत्रता और न्याय के अधिकार दिए और जाति, धर्म या लिंग के भेदभाव से परे एक सशक्त व समावेशी समाज के निर्माण का अवसर दिया। कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि आजादी और गणतंत्र हमें यूहीं नहीं

**नमन किया**

**यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने देशभक्ति व सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर देश के महान शहीदों को याद किया**

मिले यह उन अनगणित वीरों के बलिदान का परिणाम है जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दी। भगत सिंह, सुभाष चन्द्र बोस, झांसी की रानी, महात्मा गांधी जैसे महानायक हमें यह सिखाते हैं कि देशभक्ति केवल भावना नहीं बल्कि हर दिन का कर्तव्य है।

उन्होंने सभी स्वतंत्रता सेनानियों, वीर सैनिकों, महापुरुषों व संविधान निमार्ता को शत-शत नमन किया।

कुलपति प्रो. सोमनाथ ने कहा कि भारत का अतीत गौरवशाली रहा है व भारत को लोकतंत्र की जननी भी कहा जाता है। भारत सोने की चिड़िया के नाम से जाना जाता था। वर्ष 1765 और 1900 के बीच ब्रिटेन ने भारत से वर्तमान मूल्य के हिसाब से 64 ट्रिलियन डॉलर की सम्पति निकाली जिसका परिणाम था कि आजादी के समय हर विश्व के सबसे गरीब देश बन गए। आजादी के बाद देश ने बहुत तरक्की की है। आज हम 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और बहुत शीघ्र हम विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं।

## कुरक्षेत्र के बौनर तले मरीजों को खिचड़ी बांट कर मनाया गणतंत्र दिवस

दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र**: **इंजीनियर** जगरूप मलिक व सूर्य प्रताप सिंह मलिक ने जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र के बैनर तले एलएनजेपी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र में जरूरतमंद असहाय मरीजों के लिए खिचड़ी की सेवा कर मनाया गणतंत्र दिवस। जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र जरूरतमंद असहाय लोगों की सेवा करना अपना परम धर्म मानती है, उसी जिम्मेवारी को निभाते हुए मददगार हाथों से भरपूर सहयोग भी लेती है। इसी संदर्भ में आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर एलएनजेपी अस्पताल में मरीजों को बांटी खिचड़ी। इस अवसर पर जन सहयोग संस्था कुरुक्षेत्र के संस्थापक जितेंद्र जीतू एवं पूर्व प्रधान श्रवण कुमार, उपप्रधान नितेश मंगल,गीता, आदि ने



भी मरीजों को खिचड़ी बांट कर की सेवा । मास्टर जितेंद्र जीतू ने बताया कि संस्था हरियाणा से कुछ मददगार हाथों के सहयोग से संस्था पिछले 7वर्षों में इमरजेंसी स्वास्थ्य सेवाओं में 7000से भी ज्यादा बेहद जरूरतमंद मरीजों/जरूरतमंद परिवारों की मदद कर चुकी है। संस्था केवल कुरुक्षेत्र जिले में भोजन,दूध,फल, कच्चा राशन,टेस्ट,ऑपरेशन, दवाईयां, मेडिकल इंस्ट्रूमेंट, इमरजेंसी ब्लड डोनेशन, ब्लड डोनेशन कैंप,फ्री जल सेवा,वर्दियां,जूते,कपड़े,बर्तन आदि की सेवाएं 247 उपलब्ध करवा रही है। भविष्य में संस्था फ्री फूड के लिए वैन, लावारिसों के लिए आश्रम, फ्री एम्बुलेंस आदि सेवाओं की शुरूवात करने जा रही है

# भक्ति का सुगंध बिखेरते हुए 58वें निरंकारी सन्त समागम का सफलतापूर्वक समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह )**
जीवन का उद्देश्य केवल भौतिक उपलब्धियों में नहीं बल्कि आत्मिक उन्नति में निहित है ह्नये उद्गार निरंकारी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने महाराष्ट्र के 58वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के तीसरे एवं समापन दिवस पर लाखों की संख्या में उपस्थित मानव परिवार को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। इस तीन दिवसीय समागम का कल रात विधिवत रूप में सफलता पूर्वक समापन हो गया। सतगुरु माता जी ने आगे कहा कि मनुष्य जीवन को इसलिए ऊँचा



माना गया है, क्योंकि इस जीवन में आत्मज्ञान प्राप्त करने की क्षमता है। परमात्मा निराकार है, और इस परम सत्य को जानना मनुष्य जीवन का परम लक्ष्य होना चाहिए। अंत में सतगुरु माता जी ने फरमाया कि जीवन एक वरदान है और इसे परमात्मा के साथ हर पल जुड़कर जीना चाहिए। जीवन के हर पल को सही दिशा में जीने से ही हमें आत्मिक सन्तोष एवं शान्ति मिल सकती है, हम असीम की ओर बढ़ सकते हैं। इसके पूर्व समागम के दूसरे दिन सतगुरु माता जी ने अपने अमृत वचनों में कहा कि जीवन में भक्ति के साथ कर्तव्यों के प्रति जागरुक रहकर संतुलित जीवन जियें यह आवाहन सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज ने पिंपरी पुणे में आयोजित 58वें वार्षिक निरंकारी सन्त समागम के दूसरे दिन शाम को सत्संग समारोह में विशाल रूप में उपस्थित श्रद्धालुओं को किया।

सतगुरु माताजी ने फरमाया कि जैसे एक पक्षी को उड़ने के लिए दोनों पंखों की आवश्यकता होती है, वैसे ही जीवन में भक्ति के साथ साथ अपनी सामाजिक एवं पारिवारिक जिम्मदारियों को निभाना अति आवश्यक है। यदि कोई केवल भक्ति में ही लीन रहते हैं और कर्मक्षेत्र से दूर भागने का प्रयास करते हैं तो जीवन संतुलित बनना सम्भव नहीं। दूसरी तरफ भक्ति या आध्यात्मिकता से किनारा करते हुए केवल भौतिक उपलब्धियों के पीछे भागने से जीवन को पूर्णता प्राप्त नहीं हो सकती। सतगुरु माताजी ने आगे समझाया कि वास्तव में भक्ति और जिम्मेदारियों का निर्वाह का संतुलन तभी सम्भव हो पाता है जब हम जीवन में नेक नीयत, ईश्वर के प्रति निष्काम निरिच्छित प्रेम और समर्पित भाव से सेवा का जज्बा रखें।

# सोहनलाल डी.ए.वी गर्ल्ज स्कूल में मनाया गणतंत्र दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** सोहनलाल डी.ए.वी.गर्ल्ज सीनियर सैकेंडरी स्कूल अंबाला शहर में गणतंत्र दिवस के अवसर पर शहीद हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई व उन सभी शहीदों को नमन किया गया जिन्होंने देश के लिए अपना बलिदान दिया। स्कूल में मौजूद प्रधानाचार्या नीरू अरोड़ा व अन्य अध्यापक गणों की मौजूदगी में झंडे को फहराते हुए सलामी दी गई व राष्ट्रीय गान "जन - गण - मन " का उच्चारण किया गया। प्रधानाचार्या नीरू अरोड़ा ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हमारा देश यूं ही दिन दोगुनी रात चौगुनी उन्नति करता रहे और हम सभी को भी अपने देश के प्रति प्रेम व्यक्त करते हुए अपने कई छोटे-छोटे प्रयासों के द्वारा देश के लिए योगदान देना चाहिए।


## न्यूज फ्लैश

### समाधान शिविर में निरंतर हो रहा लोगो की समस्याओं का समाधान




**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से जनता की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने की प्रक्रिया निरंतर जारी है। उन्होंने जिलावासियों से अपील करते हुए कहा कि वे समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाएं। उन्होंने कहा कि जिला एवं उप-मंडल स्तर पर प्रत्येक कार्यदिवस को प्रात: 10 बजे से 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों का उद्देश्य जनता की समस्याओं का मौके पर और तय समय सीमा में समाधान करना है। उपायुक्त ने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निदेर्शानुसार, प्रदेशभर में समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिनकी मॉनिटरिंग मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही है। बतां दे कि उपायुक्त कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं और उनका मौके पर समाधान करवाया। इस दौरान कुल 4 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका तुरंत समाधान कर दिया गया।
उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाए और इस कार्य में कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान न केवल हमारी जिम्मेदारी है, बल्कि हमारा नैतिक कर्तव्य भी है। प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है कि जिलेवासियों को सरकार की योजनाओं का लाभ और सेवाएं समय पर मिलें। उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविर प्रशासन और जनता के बीच एक महत्वपूर्ण संवाद का माध्यम है, जिससे लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा सके। उन्होंने जिलावासियों से अपील कि वे इस पहल का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने समस्याएं को समाधान शिविर में प्रस्तुत करें । इस मौके पर सीटीएम पूजा कुमारी, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआरओ तरूण, कार्यकारी अभियन्ता एलसी चौहान, कार्यकारी अभियन्ता अनिल चौहान, के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहें।

### एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के दो प्राध्यापकों द्वारा लिखी पुस्तक का प्राचार्य ने किया विमोचन



**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के दो प्राध्यापकों प्रो शिल्पा ठाकुर और प्रो मनोज कुमार द्वारा लिखी पुस्तक का विमोचन प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने किया । विमोचन समारोह में डॉ संतोष कुमारी, डॉ एसके वर्मा, डॉ राकेश गर्ग, प्रो विशाल गर्ग एवं अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे । यह पुस्तक जिसे महावीर पब्लिकेशन दिल्ली ने प्रकाशित किया है नई शिक्षा निति में एमकॉम के विद्यार्थियों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी । पुस्तक की तीसरी लेखिका डॉ कुमकुम चौधरी असिस्टेंट प्रोफेसर स्काईआर्ट मेरठ है जिनका इस पुस्तक के लेखन में बहुमूल्य योगदान है । प्रो शिल्पा ठाकुर ने अपनी स्नातक और स्नातकोत्तर की शिक्षा डीएवी कॉलेज करनाल से हासिल की है जबकि प्रो मनोज कुमार ने कुरुक्षेत्र विश्वविधालय से शिक्षा हासिल की है । दोनों प्राध्यापक कॉलेज के वाणिज्य विभाग में कार्यरत है । प्राचार्य डॉ अनुपम अरोड़ा ने कहा कि दोनों ही प्राध्यापक मेहनती है और इस पुस्तक के प्रकाशित होने से वाणिज्य के छात्र-छात्राओं को अत्यधिक लाभ होगा । इस पुस्तक को लिखने से इन प्राध्यापकों ने अपने ज्ञान और अनुभव को दूसरों के साथ साझा किया है ।

# योगाश्रम में धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** भारतीय योग संस्थान, हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत कुरुक्षेत्र योग जिलों द्वारा योगाश्रम मिजार्पुर में 76वां गणतंत्र दिवस एवं वसंतोत्सव बड़ी श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया । प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश कुमार अरोड़ा, प्रेस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर, जिला प्रधान सुमन तोमर, पूर्व सैनिक राज कुमार सहित सभी उपस्थित जिला व जोन अधिकारियों व साधक साधिकाओं ने झंडा फहराकर सलामी देने और राष्ट्रीय गान के साथ उन सभी शहीदों को श्रद्धांजलि देकर नमन किया जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन न्यौछावर कर दिया ।



भारतीय योग संस्थान विश्व भर में स्थित अपने सभी केन्द्रों पर 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के साथ-साथ वसंतोत्सव भी मनाता है । सांस्कृतिक कार्यक्रम का आरंभ सुमन तोमर, रत्ना, रेखा गोयल, वीरमती, कृष्णा द्वारा प्रस्तुत स्वागत गीत से हुआ । इस के पश्चात उपस्थित साधक साधिकाओं ने देश भक्ति से परिपूर्ण विभिन्न प्रकार के अत्यंत उत्कृष्ट कार्यक्रम प्रस्तुत किये । ओम प्रकाश बाजवा ने सुंदर भजन, राजेश ने प्रेरणादायक योग गीत व हरियाणवी गीत तथा रत्ना, राजेश, रितु, वीरमती, रेखा ने हरियाणवी डांस, चेष्ठा खुराना ने देशभक्ति गीत पर डांस, उमा ने गीत - ए मेरे प्यारे वतन, रितु ने एकल नृत्य, ईश्वर वर्मा, दयानंद व गुलशन ग्रोवर ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये । कुछ साधकों ने गणतंत्र दिवस के महत्व एवं संविधान में प्रदत्त मानव अधिकारों के बारे में बताया । केंद्र प्रमुख उमा, सरला, राजेश, कृष्णा, रमेश, भीमराज सैनी, हंसराज, नाहर सिंह इत्यादि को सम्मानित किया गया । रितु ने शीघ्र ही नया योग साधना केंद्र खोलने का वादा किया । इंजी. ए पी जैन ने भी शुभकामनाएं दी । प्रांतीय प्रधान ओमप्रकाश ने सभी को गणतंत्र दिवस व वसंतोत्सव की बधाई देते हुए कहा कि देश ने अभी और बहुत तरक्की करनी है और हमें योग को घर-घर तक पहुंचना है।

# दो बच्चों की मां बॉयफ्रेंड के साथ हुई फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में दो बच्चों की मां अपने बॉयफ्रेंड के साथ फरार हो गई। भागने से पहले उसने पति को कॉल कर इसकी जानकारी दी और पड़ोसी से पैसे भी उधार लेकर गई है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को सोमवार को दी शिकायत में पति ने बताया कि वह बल्लभगढ़ की तिरखा कॉलोनी में किराए पर रहता है, मूल रूप से वह बिहार के गांव लाभगांव का रहने वाला है। साल 2017 में उसकी शादी बिहार के जिला खगडि?ा के युवती के साथ हुई थी। उन्होंने कहा कि उसके दो बच्चे हैं। 15 जनवरी को वह कपंनी में काम करने के लिए गया हुआ था। कंपनी में उसके पास उसकी पत्नी का फोन आया कि वह किसी दूसरे शख्स के साथ जा रही है। जब वह घर पहुंचा, तो उसकी पत्नी बच्चों को छोडकर घर से गायब हो चुकी थी। उसकी पत्नी बिहार के ही रहने वाले सुशील नामक युवक के साथ भागी है। उसने दोनों को अपने स्तर पर काफी तलाश की, लेकिन उसको कोई सुराग नहीं मिला है। युवक ने बताया कि उसने अपनी पत्नी को पैसे नहीं दिए थे। लेकिन भागने से पहले उसकी पत्नी ने पड़ोसियों से कुछ पैसे उधार ले लिए थे।

# जब सांसद जिंदल व उपायुक्त ने पुलिस लाईन में किया स्वच्छता में श्रमदान

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** ...जब सांसद नवीन जिंदल और उपायुक्त नेहा सिंह ने गणतंत्र दिवस समापन समारोह के बाद पुलिस लाईन में समारोह स्थल पर बिखरे कचरे को एकत्रित करने के लिए अपना श्रमदान दिया। इस दृश्य को देखकर सभी आश्चर्यचकित रह गए। रविवार को गणतंत्र दिवस समारोह के समापन के बाद जब सांसद नवीन जिंदल युवाओं के साथ अपने मन की बात को साझा कर रहे थे, वहीं आम नागरिकों से भी मिल रहे थे। इसके बाद सांसद जब पुलिस लाईन के प्रांगण में



पहुंचे तो इस दौरान सांसद जब जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अधिकारियों और तकनीकी टीम के सराहनीय कार्य करने पर बधाई दे रहे थे। उसी समय उन्होंने पुलिस लाइन के प्रांगण में कागज और प्लास्टिक के टुकड़ों को देखा।

# एनएसएस के कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा:** गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय समालखा में एनएसएस के कार्यक्रम का आयोजन किया गया । स्कूल प्रबंधक राधेश्याम जांगड़ा स्कूल प्रधानाचार्या अभिलाषा द्वारा सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । इस कैंप में 12वीं कक्षा के प्राध्यापक एनएसएस अधिकारी पवन गुलिया, प्राध्यापक जितेंद्र उत्तम उपस्थित रहे। पवन गुलिया एनएसएस अधिकारी ने एनएसएस कैंप के महत्व पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि एनएसएस से विद्यार्थी की सामाजिक सेवा की



भावना जागृत होती है। एनएसएस देश के युवाओं में व्यक्तिगत विकास करने के लिए यह कार्यक्रम खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है । एनएसएस का कार्यक्रम मुख्य लाभार्थी स्वयंसेवक होता है। एक युवा सेवक समुदाय को स्वैच्छिक सेवा प्रदान करने के लिए खुद को नामांकित करता है । आज के कैंप का मुख्य विषय योग व प्राणायाम रहा।

# पड़ोसी ने किया नौ वर्षीय बच्ची से बलात्कार

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद में 9 साल की बच्ची के साथ उसके 35 साल के पड़ोसी ने रेप किया। वह खेलते हुए उसकी झुग्गी में पहुंच गई थी। बच्ची खून से सने कपड़ों में रोते हुए जब ताई के पास पहुंची, तो पता चला। पुलिस ने मौके से आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। मामला पुलिस चौकी सेक्टर-8 का है। परिजनों के मुताबिक, बच्ची चौथी कक्षा में पढ़ती है। बच्ची पिछले चार साल से बिना मां के अपनी ताई के पास एक झुग्गी रह रही थी। उसके पिता साल 2000 में सडक दुर्घटना में दिव्यांग हो गए थे। अब पान का खोखा लगाकर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। आरोपी बच्ची की पड़ोस में ही झुग्गी में रह रहा था।

# डीसी ने आंगनवाड़ी कम क्रच सेंटर का किया उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा क्रियान्वित आंगनवाड़ी सैन्टर कम क्रेच सैन्टर का रिबन काटकर शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने यहां पर जो बच्चे आए हुए थे उनसे बातचीत करते हुए उन्हें किट भी वितरित की। इसके साथ-साथ बच्चों के साथ केक काटकर उन्हें अपना आशीर्वाद भी दिया। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने आंगनवाड़ी सैन्टर कम क्रैंच सैन्टर का उद्घाटन उपरान्त अवलोकन करते हुए यहां पर बच्चों को क्या-क्या सुविधाएं उपलब्ध रहेगी, कितना स्टॉफ व कौन सी आयु वर्ग के बच्चें यहां पर आ सकते है उसकी भी



जानकारी ली। विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि जिला अम्बाला में इससे पहले 8 क्रैंच सैन्टर है, आज इस सैन्टर का शुभारम्भ करने के उपरान्त उनकी संख्या 9 हो गई हैं। उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर 6 महीने से 3 साल तक के बच्चें व 3 साल से 6 साल के आयु वर्ग के बच्चों को इस सैन्टर की सुविधा होगी। इस सुविधा के तहत कोई भी घरेलू महिला या अन्य अपने बच्चों को नजदीकी आंगनवाड़ी कम क्रैंच में भेज सकती हैं। विभाग द्वारा यहां पर आंगनवाड़ी वर्कर के साथ-साथ हैल्पर की व्यवस्था की गई हैं। बच्चों के लिए यहां पर खिलौने, बच्चों के लिए झुले व प्रारम्भिक शिक्षा का ज्ञान भी दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि यहां पर जो आंगनवाड़ी सुपरवाईजर होगी उसे विशेषतौर पर इस कार्य के लिए 1500 रूपए मासिक व हैल्पर को 750 रूपए मासिक राशि दी जाएगी। शाम 5 बजे तक कोई भी घरेलू महिला या अन्य अपने बच्चों को यहां पर भेज सकती हैं।
उपायुक्त ने इस मौके पर बच्चों से बातचीत भी की और बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई कविता की उपायुक्त ने सराहना की। उपायुक्त ने जिला कार्यक्रम अधिकारी मीक्षा रंगा को यहां पर उपलब्ध करवाई गई सुविधाओं के साथ-साथ आगे बच्चों को और क्या-क्या सुविधाएं दी जा सकती है।

# सर्दियों में एलर्जी बनाम साइनस संक्रमण: पहचान और उपचार कैसे करें?

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन ) सर्दियों** का मौसम कई लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण हो सकता है, क्योंकि इस दौरान ठंड के कारण अक्सर छींकना, बहती नाक और बंद नाक जैसी समस्याएं होती हैं। लेकिन सर्दियों की एलर्जी और साइनस संक्रमण में फर्क कैसे करें? दोनों में समान लक्षण हो सकते हैं, लेकिन उनके कारण अलग-अलग होते हैं और उनका उपचार भी भिन्न होता है। सर्दियों में एलर्जी तब होती है जब इम्यून सिस्टम धूल, पराग, मोल्ड या पालतू जानवरों के डैंडर जैसी हानिरहित चीजों पर प्रतिक्रिया करता है। ठंड के दिनों में घर के अंदर अधिक



समय बिताने से धूल, मोल्ड और पालतू बालों जैसी एलर्जन के संपर्क में वृद्धि होती है। इसके लक्षणों में बार-बार छींक आना, बहती या बंद नाक, आंखों, नाक या गले में खुजली और आंखों से पानी आना शामिल हैं। अगर एलर्जन मौजूद हो, तो ये लक्षण हफ्तों या महीनों तक रह सकते हैं। सीके बिरला अस्पताल के एलर्जी और ईएनटी विभाग के सलाहकार डॉ. विजय वर्मा, ने बताया कि साइनस संक्रमण (साइनसाइटिस) साइनस की सूजन के कारण होता है, जो आमतौर पर बैक्टीरिया या वायरस संक्रमण के परिणामस्वरूप उभरता है। यह सर्दी या फ्लू के कारण विकसित हो सकता है।

# पिहोवा सरस्वती तीर्थ: शिल्पकला और संस्कृति का अनूठा संगम: धुमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव के दौरान प्रदेश की शिल्पकला और संस्कृति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष प्रदेश सरकार की तरफ से पहली बार महोत्सव का आयोजन 7 दिवसीय होगा। इसमें 29 जनवरी से 2 फरवरी तक मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे तथा 29 जनवरी से 4 फरवरी तक तीर्थ स्थल पर सरस मेले का आयोजन किया जाएगा। अहम पहलू यह है कि तीर्थ स्थल पर पहली बार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के सहयोग से हरियाणा पैवलियन भी बनाया जा रहा



है। बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में सरस्वती महोत्सव को लेकर पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड की तरफ से इस वर्ष महोत्सव पर आदि बद्री से लेकर रन आफ कच्छ तक सरस्वती नदी के मार्ग पर आने वाले सभी ऐतिहासिक तीर्थों पर कार्यक्रमों का आयोजन 29 जनवरी से लेकर 2 फरवरी तक किया जाएगा, हालांकि पिहोवा सरस्वती तीर्थ पर सरस मेला 4 फरवरी तक चलेगा। इस सरस मेले में हरियाणा के हर जिले में डीआरडीए के माध्यम से सैल्फ हैल्प ग्रुप के शिल्पकारों को आमंत्रित किया गया है। इस सरस मेले में लगभग 100 स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अलावा विभिन्न

**तैयारी**

**इस वर्ष प्रदेश सरकार की तरफ से पहली बार महोत्सव का आयोजन 7 दिवसीय होगा**

विभागों द्वारा स्टॉल लगाए जाएंगे तथा फूड स्टॉल भी स्थापित होंगे। उन्होंने कहा कि पिहोवा तीर्थ स्थल पर सरस्वती के हर पहलु को लेकर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी में दूर दराज से आने वाले लोगों को सरस्वती नदी के 5 हजार साल के इतिहास को जानने का अवसर मिलेगा। इसके अलावा नगाड़ा, बीन पार्टी, चित्रकला महोत्सव को यादगार बनाने में अपना अहम योगदान देंगे। इस महोत्सव के लिए सभी विधायकों, मंत्रीगणों और गणमान्य लोगों को निमंत्रण भी भेजे जा रहे है। इस मौके पर एडीसी सोनू भट्ट, एसडीएम अमन कुमार, भाजपा के जिला अध्यक्ष सुशील राणा, भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी, भाजपा नेता रामपाल पाली, सरस्वती बोर्ड के अधीक्षण अभियंता अरविंद शर्मा, कार्यकारी अभियंता नवतेज सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आदि ब्रदी से करेंगे महोत्सव का शुभारंभ बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सरस्वती महोत्सव का आगाज आदि बद्री उद्गम स्थल से होगा।

# संदीप देशवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और दिया शुभ संदेश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (कमाल हुसैन )**
**राजकीय** विद्यालय गढी बेसिक में आज 76 वें गणतंत्र दिवस समारोह के अवसर पर स्कुल में आयोजित गाव स्तरीय समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संदीप देशवाल ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया और प्रदेशवासियों को शुभ संदेश दिया। संदीप देशवाल ने अपने भाषण में कहा कि आजादी के बाद भारत में 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था । देश में संविधान की स्थापना दिवस के रूप में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाया जाता है । देश का




पहला गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 1950 को मनाया गया तथा इसके बाद हर साल इसे बड़े ही हर्षोउल्लास और खुशी के साथ मनाया जाता है । गणतंत्र दिवस के मौके पर दिल्ली के इंडिया गेट पर भव्य परेड का आयोजन किया जाता है। जिसमें देश की तीनों सेना (थल सेना, नौ सेना, वायु सेना) का दल भाग लेता है ।


MARUTi
nandan printers
8 COLOUR
WEB OFFSET
MACHINE
Capacity : 36000 Copies per Hour
16 Broad Sheet Pages in One Go
THE
PRINTING HUB
COMPLETE
C T P UNIT
BASYS PRINT
860x
Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033
Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546


www.actionindialive.com
जब चाहें, जहां चाहें
ताजा खबरों से अपडेट रहें
एक्शन इंडिया
ACTION INDIA E - PAPER
H.O: Action Balaji House, Majlis Park,
Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033
B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road,
Samaypur Industrial Area, Delhi -110042
9999889104, 8447314925


Mohan Garg
Sagar Garg
Kerovit
By Kajaria
Kerovit
is freedom
Freedom from the passé.
Freedom from the usual.
Freedom from the crowd.
Freedom to be new.
Freedom to be you.
MOHAN PAINTS & SANITARY STORE
K-6B, Kewal Park Extn., Azadpur, Delhi-110033
Tel.: 8010536413
E-mail : mohanpaints.co.in@gmail.com


Ramlal Uniyal
92122 73454
99993 20707
Garhwal
BAKERS
Specialist in :
All Occasion
Cakes,
Snacks &
Fast Food
A-57, Kewal Park, Main Road,
Azadpur, Delhi-110033
www.garhwalbakers.com
Happy Birthday